दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471




# अमन लेखनी



ये वर्दी सिर्फ.......

वामिका जी 2 में दमदार....

वर्ष : 11 अंक : 230 लखनऊ, 07 अगस्त, गुरूवार 2025 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

# कर्तव्य भवन केवल इमारत नहीं, सपनों को साकार करने की तपोभूमि है : पीएम मोदी

## बचेंगे किराए के 1500 करोड़ रुपये

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर स्थित कर्तव्य भवन-03 का उद्घाटन किया। बाद में शाम को उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए इस अवसर के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगस्त क्रांति का महीना है और स्वतंत्रता दिवस से पहले, देश आधुनिक बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के पूरा होने के साथ कई ऐतिहासिक मील के पत्थर देख रहा है। उन्होंने कहा कि ये केवल कुछ नए भवन और सामान्य इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं हैं। अमृतकाल में इन्हीं भवनों में विकसित भारत की नीतियां बनेंगी, विकसित भारत के महत्वपूर्ण निर्णय होंगे और राष्ट्र की दिशा तय होगी।

मोदी ने दावा किया कि हमने बहुत मंथन के बाद कर्तव्य भवन नाम दिया है। कर्तव्य पथ, कर्तव्य भवन हमारे लोकतंत्र की, हमारे संविधान की मूल भावना का उद्घोष करते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद, देश की प्रशासनिक मशीनरी दशकों तक ब्रिटिश काल में बनी इमारतों में ही चलती रही। इन प्रशासनिक इमारतों में काम करने की स्थिति बहुत खराब थी, जहाँ काम करने वालों के लिए जगह की कमी, रोशनी की कमी और वेंटिलेशन की कमी थी। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय आवश्यक संसाधनों और सुविधाओं के अभाव के बावजूद एक सदी से भी ज्यादा समय तक इसी इमारत से काम करता रहा।

नरेंद्र मोदी ने ने कहा कि कर्तव्य सिर्फ एक इमारत का नाम भर नहीं है, यह करोड़ों देशवासियों के सपनों को साकार करने की तपोभूमि है। कर्तव्य ही आरंभ है, कर्तव्य ही प्रारब्ध है। करूणा और कर्मणता के स्नेहसूत्र में बंधा कर्मङ्ग यही तो है कर्तव्य। उन्होंने कहा कि सपनों का साथ है – कर्तव्य। संकल्पों की आस है – कर्तव्य। परिश्रम की पराकाष्ठा है – कर्तव्य। हर जीवन में जो ज्योति जला दे, वो इच्छाशक्ति है – कर्तव्य। करोड़ों देशवासियों की रक्षा का आधार है – कर्तव्य। माँ भारती की प्राण-ऊर्जा की ध्वज वाहक है – कर्तव्य। नागरिक देवो भव का जाप है – कर्तव्य। राष्ट्र के प्रति भक्ति भाव से किया हर कार्य है – कर्तव्य।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार, एक समग्र दृष्टि के साथ भारत के नव-निर्माण में जुटी है। ये तो पहला कर्तव्य भवन पूरा हुआ है, ऐसे कई कर्तव्य भवनों का निर्माण तेजी से चल रहा है। देश का कोई भी हिस्सा आज विकास की धारा से अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि कर्तव्य भवन जैसा आधुनिक बुनियादी ढाँचा, न केवल जन-समर्थक भावना को दशार्ता है, बल्कि ग्रह-समर्थक भी है। यह भवन नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने के लिए छत पर सौर पैनल से सुसज्जित है, और उन्नत अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को इसके डिजाइन में सहजता से एकीकृत किया गया है। आज देश भर में टिकाऊ, हरित भवन बनाने का दृष्टिकोण तेजी से गति पकड़ रहा है।

मोदी ने कहा कि इन प्रशासनिक भवनों की कार्य-स्थितियाँ बेहद खराब थीं...भारत सरकार के कई मंत्रालय दिल्ली में 50 अलग-अलग जगहों से संचालित हो रहे हैं। इनमें से ज्यादातर मंत्रालय किराए के भवनों में चल रहे हैं, जिन पर सालाना डेढ़ हजार करोड़ रुपये का खर्च आता है।

# उत्तरकाशी हादसा : 190 लोगों को बचाया गया

## केंद्र और राज्य सरकार मिलकर कर रही काम : धामी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को कहा कि धराली इलाके में बादल फटने से आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन के बाद लगभग 190 लोगों को बचा लिया गया है। एएनआई से बात करते हुए, मुख्यमंत्री धामी ने दोहराया कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों ही घटना के पीड़ितों के लिए व्यवस्था करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि आपदा ने पूरे धराली को प्रभावित किया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा ने पूरे धराली को पूरी तरह प्रभावित किया है और कल की घटना के बाद कई चरणों में मलबा वहाँ आया है। मैं आज वहाँ गया और लोगों से मिला, उनसे बात की और घटना की जानकारी ली। आपदा ने सब कुछ तबाह कर दिया। इसके साथ ही, शाम तक सेना के जवानों ने धराली से लगभग 190 लोगों को बचा लिया है। उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है। अभी घायलों को भी वहाँ से निकालकर उत्तरकाशी लाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री धामी ने आगे कहा कि कई इलाकों को जोड़ने वाली सड़कें भी भूस्खलन से प्रभावित हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन इलाके में सुविधाओं को बहाल करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा, कई जगहों पर भूस्खलन से पूरी संपर्क सड़क पूरी तरह प्रभावित हुई है... हमें इलाके में बिजली और मोबाइल नेटवर्क भी बहाल करना है। खराब मौसम के कारण, सुविधाओं को पूरी तरह से बहाल करना हमारे लिए एक चुनौती है। आज सुबह मैंने दो बार वहाँ जाने का प्रयास किया और तीसरी बार, मैं आखिरकार पीड़ितों से मिलने गया। सरकार सभी व्यवस्थाएँ करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने भी हमें हर संभव मदद का आश्वासन दिया है और उनके मार्गदर्शन में हम आपदा पीड़ितों की समुचित मदद करेंगे...

| मौसम | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 42.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |

| बाजार | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफटी | 25,062.10 |

# पश्चिम बंगाल में बारिश जारी रहने की संभावना: मौसम विभाग

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पश्चिम बंगाल में सक्रिय मानसूनी ट्रफ और उत्तर बांग्लादेश के ऊपर स्थित उच्च स्तर के चक्रवाती परिसंचरण के कारण पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में भारी बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। आईएमडी के अनुसार, दार्जिलिंग, कालिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कूचबिहार जैसे उप-हिमालयी जिलों में 12 अगस्त तक भारी बारिश हो सकती है। दक्षिणी पश्चिम बंगाल में उत्तर और दक्षिण 24 परगना तथा नदिया समेत कई जिलों में भी आठ अगस्त तक भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बताया कि जलपाईगुड़ी जिले के गैरकाटा टी एस्टेट में पिछले 24 घंटों में सुबह साढ़े आठ बजे तक राज्य में सर्वाधिक 120 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। अन्य स्थानों में भी अच्छी बारिश हुई जिनमें बक्साद्वार और डालगांव टी एस्टेट (80 मिमी), पश्चिम मेदिनीपुर जिले का मोहनपुर (70 मिमी) और दक्षिण 24 परगना जिले का डायमंड हार्बर (60 मिमी) शामिल हैं। कोलकाता में इस अवधि में 28 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# पंजाब के बरनाला में मंदिर में जिंदा जले 15 लोग, हालत नाजुक

## रसोई कक्ष में लगी थी भयानक आग

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पंजाब के बरनाल के एक मंदिर में बेदह ही दर्दनाक घटना घटी है। मंदिर की रसोई में अचानक आग लग जाने के कारण अफरा तफरी मच गयी और इस आग में बुरी तरह से 6 लोग जिंगा जल गये। पंजाब के बरनाला जिले में मंगलवार शाम एक मंदिर के रसोई घर में उस समय आग लग गई जब एक बड़े चूल्हे में डीजल डालते समय वह फैल गया और आग में 15 लोग झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।



पुलिस ने बताया कि 15 लोगों में से छह 70-80 प्रतिशत तक झुलस गए और उन्हें फरीदकोट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाकी लोगों को बरनाला सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह घटना बरनाला के धनौला स्थित एक मंदिर में शाम करीब सात बजे उस समय हुई जब श्रद्धालुओं के लिए लंगर तैयार किया जा रहा था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एक रसोइया द्वारा चूल्हे में डीजल डालते समय डीजल फैलने के बाद रसोई कक्ष में आग तेजी से फैल गई।

धनौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर जसपिंदरजीत कौर ने बताया कि फरीदकोट अस्पताल भेजे गए छह मरीजों के अलावा, दो अन्य को बरनाला सिविल अस्पताल भेजा गया है। 15 घायलों में से आठ पुरुष और सात महिलाएं थीं, जो उस समय मंदिर में स्वयंसेवा कर रहे थे। मंदिर के मुख्य पुजारी ने तुरंत आपातकालीन सेवाओं को बुलाया और अग्निशमन विभाग और पुलिस के कर्मचारियों ने, मंदिर के कर्मचारियों द्वारा अग्निशामक यंत्रों का उपयोग करके, आग को और फैलने से पहले ही नियंत्रित कर लिया। डीएसपी ने आगे कहा कि प्रशासनिक नीति के अनुसार, सरकार सभी घायलों के इलाज का खर्च वहन करेगी। पुलिस ने बताया कि मामले की जाँच की जा रही है।

# हत्या-लूट का खुलासा, मुठभेड़ में दो आरोपी घायल, नकद और जेवरात बरामद

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

मेरठः उत्तर प्रदेश के मेरठ के सरधना थाना क्षेत्र में हुए लूट व हत्या के मामले में पुलिस ने मात्र 14 घंटे के भीतर ही बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनके कब्जे से मृतक का मोबाइल फोन, 7.50 लाख रुपए नकद, सोने के जेवर, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और कत्ल में इस्तेमाल चाकू समेत अन्य सामान बरामद किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली विश्वविद्यालय में 71,000 से अधिक विद्यार्थियों ने स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिल लिया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली विश्वविद्यालय ने मंगलवार को अपने आवंटनों की नवीनतम सूची जारी होने के बाद सूचना जारी की कि अब तक 71,000 से अधिक विद्यार्थियों को स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला मिल चुका है। विश्वविद्यालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार उसके 69 कॉलेजों में79 स्नातक पाठ्यक्रमों में कुल 71,130 दाखिले हो चुके हैं। मौजूदा शैक्षणिक सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय में कुल 71,624 स्नातक सीट उपलब्ध हैं। इसके बाद विश्वविद्यालय आठ अगस्त को खाली सीट की सूची जारी करेगा जिससे बीच में दाखिल की प्रक्रिया का रास्ता खुलेगा। इससे उन अभ्यर्थियों को दाखिले का मौका देगा, जिन्होंने या तो कॉमन सीट अलॉटमेंट सिस्टम के माध्यम से आवेदन नहीं किया था, या जिन्होंने प्रवेश के दूसरे चरण को पूरा नहीं किया था।

### धर्म परम सत्य है, इसके पालन से लोगों को साहस, दृढ़ संकल्प प्राप्त करने में मदद मिलती है : भागवत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि धर्म परम सत्य है तथा जिम्मेदारी के साथ इस मार्ग पर चलने से समाज को शांतिपूर्ण बनाए रखने में मदद मिलेगी। यहां धर्म जागरण न्यास के कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर भागवत ने कहा कि धर्म का पालन और उसके प्रति प्रतिबद्ध रहने से लोगों को संकट के समय कोई रास्ता निकालने का साहस और दृढ़ संकल्प प्राप्त करने में मदद मिलती है।

# एसआईआर भाजपा-नीत केंद्र सरकार के दिमाग की है उपज : ममता बनर्जी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) निर्वाचन आयोग की मिलीभगत से भाजपा-नीत केंद्र सरकार के दिमाग की उपज है।



पश्चिम मेदिनीपुर जिले के बाढ़ प्रभावित घाटल के दौरे पर आईं बनर्जी ने यह भी कहा कि बांग्ला भाषी भारतीय नागरिकों को बांग्लादेशी बताकर पड़ोसी देश भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा, यह (एसआईआर) योजना केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई है, जिसमें निर्वाचन आयोग को भी शामिल किया गया है। हम इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने तर्क दिया कि इस प्रक्रिया के लिए माता-पिता के जन्म प्रमाण-पत्र सुरक्षित रखना सभी के लिए संभव नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पश्चिम बंगाल में एसआईआर लागू करने के किसी भी प्रयास को स्वीकार नहीं करेंगी। राज्य में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। बनर्जी ने दावा किया, यदि राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण लागू किया जाता है, तो सभी धर्मों के लोगों को नुकसान होगा। विपक्षी दल संसद के दोनों सदनों में एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि निर्वाचन आयोग की इस कवायद का उद्देश्य बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना है। बनर्जी ने दोहराया कि पश्चिम बंगाल के प्रवासी कामगारों को अपनी मातृके कारण कुछ राज्यों में उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि चूंकि उन्होंने इस तरह के कृत्यों का विरोध किया है, इसलिए कुछ हलकों में यह मांग उठ रही है कि उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर एनआरसी लागू करने की कोशिशें चल रही हैं।

# विपक्षी दलों ने एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस(इंडिया) के कई घटक दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करते हुए बुधवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। संसद के मकर द्वार के निकट हुए इस विरोध प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और कई अन्य दलों के सांसद शामिल हुए। विपक्षी सांसदों ने एक बड़ा बैनर भी ले रखा था, जिस पर डिस्कशन नॉट डिलीशन (चर्चा करो, नाम नहीं हटाओ) लिखा हुआ था।

# अदाणी के खिलाफ जांच के कारण ट्रंप के सामने खड़े नहीं हो पा रहे प्रधानमंत्री: राहुल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने खड़े नहीं हो पा रहे हैं क्योंकि उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका में जांच हो रही है। अदाणी ने अपने समूह और खुद के खिलाफ पूर्व में लगाए गए अनियमितता से अभी आरोपों को खारिज किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत के लोग, कृपया समझें। बार-बार की धमकियों के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्रपति ट्रंप के सामने खड़े नहीं हो पाने का कारण अदाणी के खिलाफ चल रही अमेरिकी जांच है। उन्होंने दावा किया कि मोदी, डबल ए और रूसी तेल सौदों के बीच वित्तीय संबंधों के उजागर होने का भी खतरा है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के हाथ बंधे हुए हैं। कांग्रेस नेता अंबानी और अदाणी को कई बार डबल ए कहकर संबोधित करते हैं।



# मुंबई में घात लगाए बैठे थे लॉरेंस बिश्नोई के 6 गैंगस्टर, पुलिस ने किया गिरफ्तार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मुंबई, मुंबई के ठाणे ज़िले में मीरा रोड पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए आपराधिक गतिविधियों में शामिल छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान उनके पास से दो पिस्तौल और कई अन्य हथियार बरामद हुए हैं। प्रारंभिक जाँच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए सभी लोग कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के संपर्क में थे। पुलिस को संदेह है कि वे गिरोह के सक्रिय सदस्य हो सकते हैं और आगे की जाँच जारी है। मीरा रोड पुलिस द्वारा एक सुनियोजित अभियान के बाद गिरफ्तार बदमाशों को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान, अधिकारियों ने दो पिस्तौल और अन्य अवैध हथियार जब्त किए, जिससे भविष्य में आपराधिक गतिविधियों की संभावित योजना का संकेत मिलता है। पुलिस अब गिरोह के संचालन और संदिग्धों के इरादों के बारे में और जानकारी जुटाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

शुरूआती जांच के अनुसार, आरोपी कथित तौर पर उत्तर भारत में मजबूत पकड़ रखने वाले एक जाने-माने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के संपर्क में थे। बिश्नोई गिरोह हत्या, जबरन वसूली और अपहरण जैसे कई गंभीर अपराधों में शामिल होने के लिए कुख्यात है। इस गिरोह ने हाल के वर्षों में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में अपना नेटवर्क फैलाया है और कुख्याति प्राप्त की है। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह पहले भी हाई-प्रोफाइल मामलों में अपनी संलिप्तता के लिए सुर्खियों में रहा है, जिनमें महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या का प्रयास और बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी की घटना शामिल है।

गिरफ्तार संदिग्धों से बिश्नोई गिरोह से उनके जुड़ाव, उनकी योजनाबद्ध आपराधिक गतिविधियों और संभावित साथियों के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए पूछताछ की जा रही है। पुलिस जब्त किए गए हथियारों की जाँच कर रही है ताकि उनके स्रोत और उनके इस्तेमाल के बारे में पता लगाया जा सके। जाँचकर्ता यह भी पता लगा रहे हैं कि क्या गिरोह किसी बड़े अपराध, जैसे हत्या या फिरौती की माँग, की योजना बना रहा था। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि इस जाँच से बिश्नोई गिरोह के व्यापक नेटवर्क और क्षेत्र में उसके संचालन का पता चलेगा। अधिकारी यह भी जाँच कर रहे हैं कि क्या ये लोग क्षेत्र में किसी बड़े पैमाने पर आपराधिक वारदात की योजना बना रहे थे।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में 71,000 से अधिक विद्यार्थियों ने स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिल लिया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली विश्वविद्यालय ने मंगलवार को अपने आवंटनों की नवीनतम सूची जारी होने के बाद सूचना जारी की कि अब तक 71,000 से अधिक विद्यार्थियों को स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला मिल चुका है। विश्वविद्यालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार उसके 69 कॉलेजों में79 स्नातक पाठ्यक्रमों में कुल 71,130 दाखिले हो चुके हैं। मौजूदा शैक्षणिक सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय में कुल 71,624 स्नातक सीट उपलब्ध हैं। इसके बाद विश्वविद्यालय आठ अगस्त को खाली सीट की सूची जारी करेगा जिससे बीच में दाखिल की प्रक्रिया का रास्ता खुलेगा। इससे उन अभ्यर्थियों को दाखिले का मौका देगा, जिन्होंने या तो कॉमन सीट अलॉटमेंट सिस्टम के माध्यम से आवेदन नहीं किया था, या जिन्होंने प्रवेश के दूसरे चरण को पूरा नहीं किया था।

# पहले पहनाई माला, फिर जड़ दिया थप्पड़

## रायबरेली में स्वामी प्रसाद मौर्य का एक शख्स ने ऐसे किया स्वागत

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

रायबरेली ,अपना समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य पर रायबरेली में उस समय हमला हुआ जब एक व्यक्ति ने उन्हें माला पहनाने के बाद पीछे से थप्पड़ मार दिया। यह घटना एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान हुई, जहाँ आरोपी व्यक्ति स्वामी प्रसाद के पास पहुँचा और फिर अचानक उन्हें थप्पड़ मार दिया। घटना के बाद, मौर्य के समर्थकों ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया और उसकी पिटाई करने के बाद उसे रायबरेली पुलिस के हवाले कर दिया।

उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य रायबरेली के सिविल लाइंस पहुँचे थे। दौरे के दौरान, समर्थकों ने उनका मालाओं से स्वागत किया, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उन पर हमला करने की कोशिश की और पीछे से उनके सिर पर थप्पड़ मारा।



मौर्य के सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और उपद्रवियों की पिटाई कर दी। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए, स्वामी प्रसाद मौर्य ने राज्य सरकार पर निशाना साधा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रशासन पर अराजकता को बढ़ावा देने और ठाकुरों व गुंडों को खुली छूट देने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि करणी सेना के सदस्यों का इस हमले के पीछे हाथ है और दावा किया कि यह घटना पुलिस की मौजूदगी में हुई, जिससे कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। हंगामे के बीच, मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाया। हालाँकि, उन्होंने अभी तक हमलावरों की पहचान की पुष्टि नहीं की है। स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमले की कोशिश तब से एक व्यापक रूप से चर्चित घटना बन गई है।

## संक्षेप

### कांग्रेस की जय हिन्द यात्रा कल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अगस्त माह में कार्यक्रम कर शहीदों को नमन करेगी और इतिहास के पन्नों में दर्ज आजादी के इस आंदोलन को याद करेगी। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बब्लू ने बताया कि 1942 में 08 अगस्त को महात्मा गांधी ने करो या मरो का नारा देकर भारत छोड़ो आंदेलन की शुरूआत कर दी थी। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन में प्रदेश के क्रांतिकारियों द्वारा बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया गया था। जबकि नौ अगस्त 2025 को काकोरी ट्रेन कांड का शताब्दी वर्ष पूर्ण हो रहा हैं। काकोरी ट्रेन कांड के शताब्दी वर्ष की पूर्व संध्या पर देश के अमर शहीदों को नमन करने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 08 अगस्त 2025 को काकोरी स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी पूर्व सांसद अविनाश पांडे व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मौजूद रहेगें।

### बेखौफ चोरों ने चार घरों को बनाया निशाना, नकदी जेवरात उड़ाये

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीती रात अज्ञात चोरों ने चार घरों को निशाना बनाते हुए नकदी जेवरात सहित लाखों का समान पार कर फरार हो गए। अगले दिन बुधवार सुबह लोगों को घटना की जानकारी हुई, तब पुलिस को सूचना दी।माला थाना क्षेत्र के पिपरी कुराखर गांव निवासी रामस्वरूप ने तहरीर के माध्यम से बताया कि बीती रात अज्ञात चोरों ने घर के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर कमरों में रखे बक्शों से आठ हजार की नकदी, झुमकी, चांदी की जंजीर, माला, सोने की कील, नथ आदि जेवर, जरूरी दस्तावेज चोरी हो गए। इसी तरह गांव के जितेंद्र ने बताया कि उनके घर से चोरों ने आभूषण व 15 हजार की नकदी चोरी कर फरार हो गए। वहीं रामखेलावन के घर से चोरों ने साढ़े तीन हजार की नकदी चोरी कर ली। हनीफ के घर को भी निशाना बनाते हुए चोरों ने हजारों के जेवर चोरी कर मौके से भाग निकले पीड़ितों ने पुलिस को संयुक्त रूप से तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## सिसेंडी के रानी बाजार रोड पर जलभराव से ग्रामीण बेहाल, जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से नाराज...

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज विकास खंड के सिसेंडी कस्बे की रानी बाजार रोड पर जलभराव की गंभीर समस्या ने स्थानीय नागरिकों की दिनचर्या को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है सड़क पर जगह-जगह पानी भर जाने के कारण लोगों को पैदल चलने में भारी परेशानी हो रही है वहीं दोपहिया वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है यह मार्ग सिसेंडी के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में से एक रानी बाजार से जुड़ा हुआ है जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवाजाही करते हैं स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे हैं लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार इस समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों ग्राम पंचायत ब्लॉक स्तर के कर्मचारियों और क्षेत्रीय विधायक अमरेश रावत से भी शिकायत की है लेकिन आज तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया। इससे लोगों में भारी नाराजगी है।

### सपा पूर्व विधायक के कार्यकाल में हुआ था निर्माण.

ग्रामीणों ने पूर्व की समाजवादी पार्टी सरकार को याद करते हुए बताया कि उस दौरान तत्कालीन विधायक चंद्रा रावत के प्रयासों से इस मार्ग का निर्माण कराया गया था, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली थी लेकिन वर्तमान सरकार और विधायक की अनदेखी के चलते अब यह सड़क पूरी तरह बदहाल हो चुकी है ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में जलनिकासी की व्यवस्था न होने से सड़क पर पानी भर जाता है कई बार लोग गड्ढों में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं जलभराव की स्थिति विशेष रूप से बच्चों बुजुर्गों और स्कूल जाने वाले छात्रों के लिए काफी खतरनाक बन चुकी है स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत और जलनिकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो वे मजबूर होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय तो जनप्रतिनिधि बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद जनता की समस्याओं को भुला दिया जाता है ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि रानी बाजार रोड की तत्काल मरम्मत कराई जाए और जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके और रोजमर्रा की परेशानियों से निजात पाया जा सके।

## पंचायत सहायक पर किसानों के खाते से पीएम सम्मान निधि निकालने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल इलाके में एक पंचायत सहायक पर किसानों के खाते से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि निकालने का आरोप लगा है। ग्राम करेंन्द्र के किसानों ने पंचायत सहायक पुष्पेन्द्र गौतम के खिलाफ माल थाने में शिकायत दर्ज कराई है।माल इलाके के करेंन्द्र निवासी राज कुमार नामक किसान का आरोप है कि वह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त चेक कराने पंचायत सहायक के पास गया था। पुष्पेन्द्र ने उनका आधार कार्ड लेकर बायोमैट्रिक मशीन पर अंगूठा लगवाया और चेक करने के बहाने उनके खाते से दो हजार रुपए निकाल लिए।जब राज कुमार ने दूसरी जगह अपनी किस्त की जानकारी ली तो उन्हें पता चला कि उनके पैसे निकाल लिए गए हैं। इस पर उन्होंने पुष्पेन्द्र से पूछताछ की। पुष्पेन्द्र ने बताया कि वह जिसका ऑनलाइन काम करता है, उससे पहली किस्त के दो हजार रुपए लेता है।इसी तरह गांव के अन्य चार किसान दिनेश, सरला, सूरज और अंशिका के भी दो-दो हजार रुपए निकाल लिए गए। जब सभी पीड़ितों ने अपने पैसे वापस मांगे तो पुष्पेन्द्र ने उन्हें गालियां दीं और धमकी दी कि वह सरकारी कर्मचारी है, कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।पीड़ित ने मंगलवार को माल थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद का कहना है कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है।यह मामला ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही अनियमितताओं की ओर इशारा करता है। किसानों को मिलने वाली प्रधानमंत्री सम्मान निधि का दुरुपयोग गंभीर चिंता का विषय है।

## हिंसा के लिए युवकों को उकसा रहा था कट्टरवादी डॉ. उसामा, एटीएस ने गजवा-ए-हिंद के तीन संदिग्ध युवकों से की पूछताछ

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने गजवा-ए-हिंद के षड्यंत्र में शामिल होने के संदेह में तीन युवकों से पूछताछ की है। मामले में गिरफ्तार कट्टरवादी अमरोहा निवासी अजमत अली व महाराष्ट्र के ठाणे निवासी डॉ. उसामा माज शेख के सीधे संपर्क में रहे कुछ अन्य संदिग्ध युवकों की भी तलाश की जा रही है। एटीएस ने ठाणे से गिरफ्तार डा.उसामा को बुधवार को लखनऊ की कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एटीएस अब डा.उसामा व अजमत अली को पुलिस रिमांड पर लेने की तैयारी कर रहा है। कोर्ट में गुरुवार को रिमांड के लिए अर्जी दाखिल की जाएगी। अब तक की जांच में सामने आया है कि डा.उसामा का नेटवर्क अन्य राज्यों में भी फैला था और वह उसके संपर्क में आए युवकों को हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देने के लिए उकसा रहा था। वह उत्तर प्रदेश में बड़ी घटना कराने के प्रयास में था।

गजवा-ए-हिंद का अर्थ भारतीय उपमहाद्वीप में रहने वाले काफिरों (गैर मुसलमानों) को जीतकर उन्हें मुस्लिम बनाने से है। डा.उमासा के मोबाइल फोन से उसके कई पाकिस्तानियों के सीधे संपर्क में होने की बात सामने आई है। उसके संपर्क आइएसआइ के हैंडलर से होने की भी आशंका है।

एटीएस के अनुसार आरोपित अजमत अली रिवाइविंग इस्लाम नाम के जिस वाट्सएप ग्रुप से जुड़ा था, उसमें शामिल रहे कई अन्य संदिग्ध युवकों के बारे में भी छानबीन की जा रही है। दोनों आरोपितों ने अपने मोबाइल फोन का काफी डेटा डिलीट कर दिया था, जिसकी रिकवरी का प्रयास भी किया जा रहा है। डा.उसामा इंटरनेट मीडिया के माध्यम से उसके संपर्क में आए युवकों को जिहाद व हिंसा के लिए उकसाता था। एटीएस दोनों आरोपितों की इंटरनेट मीडिया की गतिविधियों को भी खंगाल रहा है।

## आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट में अब डॉक्टर के पर्चे भी होंगे लिंक, दवा वितरण में होगी आसानी

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) का दायरा और बढ़ाया जाएगा। वर्तमान में इस अकाउंट में 13.98 करोड़ से अधिक लोग पंजीकृत हैं। इस डिजिटल प्लेटफार्म से मरीजों का पर्चा बनाने, मरीजों को भर्ती करने, उन्हें डिस्चार्ज करने की सुविधा को जोड़ा गया है। लैब रिपोर्ट भी चरणबद्ध तरीके से आनलाइन करने के लिए लैब इन्फारमेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एलआइएमएस) को हेल्थ मैनेजमेंट इन्फारमेशन सिस्टम (एचएमआइएस) से जोड़ा जा रहा है।

लखनऊ, गाजियाबाद सहित कई अस्पतालों में फामेर्सी को आभा से जोड़ा जा चुका है। जल्द ही सभी अस्पतालों की फामेर्सी आनलाइन हो जाएगी। डाक्टर के पर्चे, लैब रिपोर्ट इलेक्ट्रानिक हेल्थ रिकार्ड (इएचआर) के रूप में उपलब्ध रहने से उन्हें कहीं भी आनलाइन देखा जा सकेगा।

चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सीएचसी-पीएचसी स्तर तक आभा आधारित पंजीकरण कराने के निर्देश दिए हैं। जिससे मरीजों का डिजिटल सेवाओं से जोड़ा जा सके। इसी के तहत चिकित्सालयों में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के सहयोग से हेल्थ मैनेजमेंट इन्फारमेशन सिस्टम (एचएमआइएस) और लैब मैनेजमेंट इन्फारमेशन सिस्टम (एलआइएमएस) को जोड़ा जा रहा है। इन दोनों के जुड़ने से आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आधारित इलेक्ट्रानिक हेल्थ रिकार्ड (इएचआर) तैयार हो सकेगा। यदि मरीजों का शत प्रतिशत आभा आधारित पंजीकरण होगा तो मरीजों का डाटा अपने आप ही एलआइएमएस से लिंक हो जाएगा। इससे मरीज का पूरा रिकार्ड आनलाइन उपलब्ध रहेगा और मरीज बिना पर्चे या रिपोर्ट के किसी भी अस्पताल में इलाज करा सकेगा। एक क्लिक पर मरीज का पूरा रिकार्ड डाक्टर के सामने आनलाइन रहेगा। आभा के प्रभारी डा. मोहित सिंह ने बताया कि हास्पिटल इन्फारमेशन मैनेजमेंट सिस्टम प्रदेश के एक हजार अस्पतालों में शुरू हो गया है। इसमें जिला अस्पताल, सीएचसी, अरबन पीएचसी शामिल हैं। अगले चरण में डाक्टरों के द्वारा लिखे गए पर्चों को भी इससे जोड़ा जाएगा। इसके लिए साफ्टवेयर को अपग्रेड किया जाएगा। इससे मरीजों को राहत मिलेगी।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव, शिनाख्त नहीं



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रेलवे लाइन पर अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जीआरपी के साथ मौके पर पहुचंकर जांच पड़ताल की। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी। जीआरपी पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मिली जानकारी के अनुसार रहीमाबाद स्टेशन के पास से गुजर रहे रेलवे डाउन ट्रैक का है। बुधवार शाम करीब 9 बजे स्टेशन मास्टर की सूचना मिली कि रहीमाबाद रेलवे स्टेशन के पास खंभा संख्या 1110/18 और 1110/19 के बीच रेलवे लाइन पर युवक का शव क्षत विक्षत अवस्था में पड़ा है। थोड़ी ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल की। आसपास लोगों से मृतक के बारे में पूछताछ की लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक युवक काले कलर की टी शर्ट, नीली जींस, और हाथ में कलावा और कड़ा पहनें हुआ था। और पास में एक पीले कलर की पॉलिथीन थी जिसमें पान मसाला गुटखा था और मोबाइल फोन बरामद हुआ। जिसमें लॉक लगा था।इस संबंध में रहीमाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद द्विवेदी ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक उम्र करीब (25) वर्ष का शव मिला है। सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी पहचान कराई जा रही है।

## रक्षाबंधन से पहले निराश्रित महिलाओं को योगी सरकार का तोहफा

### खातों में पहुंची तीन महीने की किस्त की रकम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। योगी सरकार ने निराश्रित महिलाओं को रक्षाबंधन के त्योहार से पहले बड़ा तोहफा दिया है। निराश्रित महिला पेंशन योजना की लाभार्थियों को समय से पहले दूसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर तक) की किस्त का भुगतान कर दिया गया है। महिला कल्याण विभाग ने 36,75,623 निराश्रित महिलाओं के खातों में 1,115.64 करोड़ रुपये की धनराशि भेजी है।

महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित निराश्रित महिला पेंशन योजना में दो लाख रुपये प्रति वर्ष से कम आय वर्ग वाली 18 वर्ष से अधिक आयु की निराश्रित महिलाओं को लाभ दिया जा रहा है। इसमें हर महिला को एक हजार रुपये की दर से हर तिमाही में तीन महीने की मासिक पेंशन एकमुश्त भेजी जाती है और इसका वितरण सामान्य तौर पर तिमाही के अंत में या उसके अगले माह तक किया जाता है।

विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल से जून तक) में 35,78,111 पात्र महिलाओं को 1,062.15 करोड़ रुपये वितरित किए थे। आगामी त्योहारों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों विभाग को दूसरी तिमाही की पेंशन का वितरण रक्षाबंधन से पहले करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद समय से पूर्व वितरण किया गया है।इस बार पहली तिमाही के मुकाबले लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। निदेशक महिला कल्याण संदीप कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शानुसार आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पेंशन वितरण पहले ही कर दिया गया है।

## दबंगों ने बाइक मैकेनिकों पर तमंचे के बल पर किया हमला, दोनों घायल, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



घायल अवस्था में बाइक मैकेनिक और साथी

लखनऊ। मामूली कहासुनी को लेकर हमलावरों ने बाइक मैकेनिको पर तमंचे के बल पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें ग्रामीणों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा किया दर्ज।मलिहाबाद थाना क्षेत्र के महमूद नगर निवासी मदन लाल की बाइक रिपेयरिंग की दुकान महमूद नगर चौराहे पर है। जहां पर मदन लाल साथी अनुराग मौर्य के साथ बाइक रिपेयरिंग का कार्य करता है। वहीं बाइक की रिपेयरिंग कराने आए युवकों से मामूली कहासुनी हुई थी।जिसके बाद बुधवार शाम रोज की तरह दुकान बंद करके मदन लाल बाइक से अपने साथी अनुराग मौर्य को उसके घर नई बस्ती धनेवा छोड़ने जा रहे थे।इसी रंजिश में हमलावरों ने उसी गांव के किनारे एक निजी स्कूल के पास पहले से घात लगाए बैठे शलिम, शाबन, हसनान, अनीस सहित चार अन्य अज्ञात साथियों ने अवैध तमंचे के बल पर चाकू, लोहे के रॉड, लाठी डंडों से अनुराग मौर्य पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसके सिर और दाहिने हाथ की उंगली टूट गई। जिससे उसके काफी गहरा घाव बन गया और अनुराग बेहोश हो गया। और साथी मदन लाल के भी सिर में चोट आई है।शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे, तब तक आरोपी भाग गए। घायलों को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा किया दर्ज।इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर शालिम, शाबन, हसनान, अनीस सहित चार अन्य अज्ञात लोगों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।घटना के पीछे पैसों का लेनदेन का कारण बताया जा रहा है।

## सपा नेता ने बंद स्कूल में चलाई पीडीए पाठशाला, मुकदमा दर्ज; रसोइयां से जबरन ताला खुलवाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर कम छात्र संख्या का हवाला देकर विलय किए गए प्राथमिक विद्यालय उमरभारी में पीडीए पाठशाला चलाए जाने पर सपा नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशुतोष मिश्रा ने सैरपुर थाने में तहरीर देकर स्कूल की रसोइयां से जबरन ताला खुलवाकर उसमें पीडीए पाठशाला चलाने का आरोप लगाया है।प्रधानाध्यापक ने तहरीर में कहा है कि एक जुलाई को विद्यालय का विलय करीब के ही बढ़ौली गांव में कर दिया गया। खाली विद्यालय परिसर में रसोइयां मालती रहती हैं जो साफ-सफाई का काम देखती हैं। कुछ दिन पहले सपा नेता पूजा शुक्ला ने विद्यालय का ताला तोड़कर परिसर में पीडीए पाठशाला चलाई और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर डाला। इसकी सूचना प्रधानाध्यापक ने उच्चाधिकारियों को दी। इस पर घटना में शामिल लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने के निर्देश दिए गए।बीएसए रामप्रवेश का कहना है कि उमरभारी प्राथमिक विद्यालय में पूजा शुक्ला ने जबरन घुसकर विद्यालय का संचालन किया और उसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित किया।इसके बाद प्रधानाध्यापक की ओर से तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई गई है।एसीपी बीकेटी अमोल मुरकुट का कहना है कि केस दर्ज किया गया है। पुलिस गंभीरता से मामले की जांच कर रही है।

## एफआरआइ देहरादून करेगा तीन वर्षों के पौधारोपण अभियान की जांच

अमन लेखनी समाचार



लखनऊः वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआइ) देहरादून प्रदेश में तीन वर्षों के पौधारोपण अभियान की जांच करेगा। यह जांच वर्ष 2020-21, 2021-22 व 2022-23 में लगे पौधारोपण की होगी। इन तीन वर्षों में 92 करोड़ पौधे लगे हैं। वन क्षेत्रों के पौधारोपण का 10 प्रतिशत व अन्य विभागों द्वारा किए गए पौधारोपण का पांच प्रतिशत जांच की जाएगी। पौधारोपण स्थल का चयन कंप्यूटर के जरिए रैंडम तकनीक से किया जाएगा। अगले महीने से जांच शुरू होने की संभावना है।

योगी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में 242.15 करोड़ से अधिक पौधे लगाए हैं। हर वर्ष बड़ी संख्या में पौधारोपण होने का ही नतीजा है कि भारतीय वन सर्वेक्षण की वर्ष 2023 की "इंडिया स्टेट आफ फारेस्ट रिपोर्ट" में उत्तर प्रदेश में वर्ष 2021 की तुलना में 559.19 वर्ग किलोमीटर वनावरण व वृक्षावरण बढ़ा है। वर्ष 2021 में जहां कुल वनावरण व वृक्षावरण-9.73 प्रतिशत था वह 2023 की रिपोर्ट में 9.96 प्रतिशत हो गया है। अगली रिपोर्ट में प्रदेश की हरियाली और बढ़ने की संभावना है।

सरकार पौधारोपण अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही न हो इसके लिए थर्ड पार्टी जांच भी कराती है ताकि यह पता चल सके कि जितने पौधे लगाने का दावा किया गया है वह धरातल पर कितना सही है। वर्ष 2019 में आखिरी बार थर्ड पार्टी जांच भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआइ) से केवल एक वर्ष की कराई गई थी। उस जांच में ग्राम पंचायतों में 75.62 प्रतिशत व नगरीय निकायों में 80.35 प्रतिशत पौधारोपण सफल रहा था। इस बार वृहद जांच कराई जा रही है। इसका जिम्मा एफआरआइ को सौंपा गया है। उसकी कुल 15 टीमें अगले महीने से जांच शुरू करेंगी।

### चार करोड़ से अधिक रुपये होंगे खर्च, डेढ़ वर्ष में आएंगे नतीजे

थर्ड पार्टी जांच में चार करोड़ रुपये से अधिक का खर्च आएगा। एफआरआइ जल्द ही पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के साथ एक अनुबंध करेगा।इसके बाद अगले महीने से उसकी टीमें जांच में जुट जाएंगी। पौधारोपण स्थल की मौके पर जांच के बाद उसके आंकड़ों का विश्लेषण किया जाएगा। इसमें करीब डेढ़ वर्ष का समय लगने का अनुमान है।

## क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क में बुधवार परेड का किया गया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। दिनांक 06.08.2025 को क्षेत्राधिकारी सदर/लाइन रणधीर कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस लाइन चुर्क, परेड का निरीक्षण किया गया। परेड के दौरान पुलिस लाइन में मौजूद अधिकारीगण, समस्त शाखाओं के पुलिसकर्मी एवं रिक्रूट आरक्षी उपस्थित रहे। इसके उपरांत सीओ सदर द्वारा पुलिस लाइन स्थित समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया गया तथा शाखाओं में की जा रही कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण एवं साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया गया। इसके पश्चात रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन किया गया, जिसमें ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण, कानूनी अध्ययन एवं अनुशासन संबंधी गतिविधियों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। निरीक्षण के क्रम में क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा आरटीसी मेस, पुलिस बैरक, शौचालय, कम्प्युटर कक्ष, आरटीसी स्कूल इत्यादि का जायजा लिया गया और सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए व पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बंधित को दिशा-निर्देश दिए।

## अलमारी से लाइसेंसी रिवाल्वर और दस हजार रुपये चोरी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।एक पूर्व प्रधान के घर से अलमारी में रखा लाइसेंसी रिवाल्वर व दस हजार रुपये चोरी हो गए। पूर्व प्रधान ने मुकदमा दर्ज कराया है।रहीमाबाद थाना क्षेत्र के राहटा के मिजार्पुर निवासी धर्मेंद्र सिंह के अनुसार बीती 31 जुलाई को अपने घर के बाहर कई ग्रामीणों के साथ बैठे थे। देर रात बैठक के बाद वह करीब 11 बजे घर चले गए। एक अगस्त को धर्मेन्द्र कहीं जाने के लिए तैयार हुए तो घर के बाहरी हिस्से में रखी अलमारी की दराज में रखा रिवॉल्वर नहीं था और अलमारी से 10 हजार रुपये भी गायब थे।इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर आनंद द्विवेदी का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में जंगल में पड़ी मिली वृद्ध महिला

असोहा, उन्नाव। थाना क्षेत्र के असवार गांव के पास स्थित जंगल में बुधवार को लगभग 60 वर्षीय महिला पड़ी हुई मिली।खेत गए ग्रामीणों ने वृद्धा को जंगल में पड़ा देख पुलिस को सूचना दी।वही उक्त महिला की फोटो भी किसी ने इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला से पूछताछ की है ,लेकिन महिला कुछ बता नहीं पा रही है।पुलिस ने उसे एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया है।ग्रामीणों में चर्चा है कि कुछ महिलाएं वृद्धा को यहां छोड़कर चली गई थी।जिसके बाद से उक्त महिला यही आसपास घूम रही थी।एसओ निखलेश कुमार ने बताया कि महिला पूछने पर कुछ बता नहीं पा रही है पता लगाने के प्रयास किया जा रहा है कि महिला कहा कि है।

### युवती हुई लापता पिता ने युवक पर दर्ज कराया मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र में लगभग रोजाना ही लड़कियों के भाग जाने का सिलसिला चल रहा है।इसी क्रम में पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह व उसकी औरत खेतों में धान की बेड लगा रहे थे।इसी समय उसकी 21 वर्षीय बेटी पानी लेकर खेत आयी व पानी देकर चली गई। मौका देख शिवम पुत्र सुरेन्द्र कुमार उर्फ पप्पू यादव ग्राम माधवगंज मेरी लडकी स्नेहा को बहला फुसला कर माया जाल में फसा कर भगा ले गया है ।मेरी लडकी अपने साथ सोने की जंजीर व 4 जोडी तोडिया चांदी की साथ मे ले गयी ।मेरी लडकी को भगाने मे सुरेन्द्र कुमार पुत्र राम आसरे यादव व सुरेन्द्र कुमार व शैलेश पुत्र सुरेन्द्र कुमार यादव भी शामिल थे। फिलहाल पुलिस ने तहरीर में नामित लोगो पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क दुर्घटना में पति की मौत , पत्नी ने दर्ज कराया मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के गाँव पनई खुर्द निवासी सोनू साहू पुत्र पुत्ती लाल अपने पड़ोसी मलखान सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह के साथ गत 22 जुलाई को मोटर साईकिल मे पीछे बैठ कर भगवंतनगर बाजार गये थे।बाजार से वापस आते समय पाँवर हाउस भगवंतनगर के पास फोन आ जाने के कारण रोड के बायी तरफ मोटर साईकिल खड़ी कर बात करने लगे तभी पीछे से आ रही मोटर साईकिल संख्या वढ 35 इश 0335 का अज्ञात चालक बडी तेजी व लापरवाही से चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे दोनो ही लोग दुर्घटना स्थल पर ही गिर गये । प्राथमिक उपचार उपरांत जिला अस्तपताल से हैलेट कानपुर ले जाया गया जहाँ 31 जुलाई को सोनू सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। सोनू सिंह की पत्नी संगीता सिंह द्वारा थाना बिहार में तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन ने शुरू किया अपना मिशन, अन्नपूर्णा रसोई निर्माण किया संपन्न

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। निरंतर तीन वर्षों से फाउंडेशन के सेवकों और सहयोगियों द्वारा जरूरतमंदों को साप्ताहिक खाना ,मिष्ठान वह जल बांटा जा रहा है , इस क्रम में संस्था ने अभी तक अपना 146 वा भोजन वितरण पूर्ण किया गया , फाउंडेशन द्वारा जनपद उन्नाव में निशुल्क भोजन वितरण सेवा लगातार कर रहा है अभी प्रत्येक सप्ताह दो सौ से अधिक लोग भोजन करते हैं इस क्रम को जोड़ा जाए तो अभी तक 40,000 से ज्यादा लोग अपना पेट भर चुके हैं ,इसी के साथ संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष चेतन मिश्रा ने वह उनकी टीम और उनसे जुड़े सम्मानित सहयोगी जनों ने उन्नाव में अब मिशन अन्नपूर्णा रसोई निर्माण शुरू कर दिया है जिसके लिए वह सभी वर्गों से सहयोग एकत्रित कर यह पुनीत कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं, बता दें संस्था के



संकल्प के अनुसार बनने वाली अन्नपूर्णा रसोई में प्रतिदिन जरूरतमंदों को मात्र एक रुपए में भरपेट भोजन देने का सेवा कार्य होगा ,इसके साथ दो सौ से अधिक जरूरतमंद रोजाना कर सकेंगे इस रसोई के माध्यम से भरपेट भोजन,अभी फिलहाल संस्था साप्ताहिक भोजन वितरण करती आई है ,संस्था का कहना है दस लाख से अधिक धन की लागत से बनने वाली यह अन्नपूर्णा रसोई के निर्माण से प्रतिदिन दो सैकड़ा जरूरतमंदों को भरपेट भोजन मिल सकेगा और वह लोग अपनी भूख मिला सकेंगे साथ ही बुजुर्ग लावारिस लोगों का सहारा भी फाउंडेशन परिवार बन सकेगा,इसके साथ इस रसोई में प्रतिमाह डेढ़ लाख का खर्च भी होगा जो राशन कारीगर लेबर इत्यादि का होगा !!फिलहाल संस्था के अध्यक्ष चेतन मिश्रा देश प्रदेश से ऐसे दानवीरों की तलाश में हैं जो इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग कर सकें और इस अन्नपूर्णा रसोई निर्माण में अपनी सेवा रूपी भागीदारी भी शामिल कर सकते हैं इसके लिए उन्होंने संस्था का हेल्पलाइन नंबर 7518759176 भी जारी किया है संस्था का उद्देश्य सभी जरूरतमंदों तक भोजन सेवा पहुंचाना और निराश्रित बुजुर्गों के लिए भविष्य में वृद्धाश्रम निर्माण , मानसिक रोगियों हेतु अस्पताल निर्माण के साथ अन्य सामाजिक कार्यों की में प्रयासरत है , इसके लिए संस्था के अध्यक्ष ने समय समय पर ज्ञापन देकर वृद्धाश्रम ,नशा मुक्ति, गोशाला में जीवों के बेहतर संरक्षण जैसे बड़े मुद्दों पर संख्याबल के साथ कई प्रशासनिक अधिकारियों से भी मांग भी की है !!

# सीओ व तहसीलदार ने सुरक्षा व बचाव को लेकर छात्राओं को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।नगर पंचायत मोहान में स्थित गांधी मिशन इंटर कालेज में सीओ, तहसीलदार ने छात्राओं को सुरक्षा व बचाव को लेकर जागरूक किया।

सीओ अरविंद चौरसिया ने छात्राओं को जागरूक करते बताया की रास्ते में आते जाते समय यदि किसी के द्वारा पीछा किया जा अहसास हो तो तत्काल 1090, पुलिस 112 डायल करने की जानकारी दी साथ ही किसी तरह की फीस,पढ़ाई संबंधित अन्य समस्याएं होने पर कार्यालय में मिलकर बताने या फोन से बताने के लिए कहा।

साथ ही विद्यालय प्रबंधन को दो शिकायत पेटिका लगाने और हर हफ्ते उन शिकायतों का निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।



सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि विद्यालय में छात्राओं को सुरक्षा संबंधित जानकारी दी गई है।

# कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी व मारपीट का दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। एसीजेएम न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने चार लोग पर तीन बीघे जमीन की धोखाधडी ,मारपीट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की कोतवाली क्षेत्र ऊंचाद्वार गांव निवासी सुंदारा उर्फ गंगादेई 75 वर्ष ने एसीजेएम न्यायालय में वाद कर बताया कि बीबीपुर चिरियारी गांव के बाहर तीन बीघे जमीन है जिसको बेचने के लिए स्थानीय क्षेत्र के बारा खेड़ा गांव निवासी उदय वीर, हरिपाल, आशुतोष आए और लखनऊ जनपद थाना क्षेत्र बंथरा निवासी जितेंद्र थारू के हाथो 6 अक्टूबर 2023 को जमीन की 4765000 रुपए में बिक्री करवा दी,क्रेता जितेंद्र थारू ने सबरजिस्टर के वहा जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली, लेकिन क्रेता ने रजिस्ट्री के समय विक्रेता को बीस हजार रुपए नकद व दो दो बीस बीस लाख लाख की चेक व एक चेक 765000 की थमा दी, विक्रेता ने जब बैंक में चेक लगाई तो तीनो चेक बाउंस हो गई , पीड़िता ने आरोप लगाया कि क्रेता ने धोखाधडी कर रजिस्ट्री कराते समय चेक का कोई जिक्र नहीं किया,विक्रेता जब क्रेता के पास रुपए मांगने गई तो गाली गलौज कर भगा दिया।पीड़िता ने न्यायालय में वाद दायर कर न्याय की गुहार लगाई थी, अधिवक्ता आनंद मिश्र ने पीड़िता पक्ष एसीजेएम न्यायालय के समक्ष बिंदुवार पेश किया जिसपर एसीजेएम न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने जितेंद्र, थारू, उदय वीर, हरीपाल, आशुतोष रावत पर धोखाधड़ी जान से मारने सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जान शुरू की।

# जर्जर मकान का गिरा छज्जा, 6 वर्षीय मासूम की मलबे में दबकर मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।मंगलवार शाम गांधी नगर निवासी अरुण श्रीवास्तव की 6 वर्षीय बेटी नयना की घर के छज्जे के गिरने से मौत हो गई। घटना बीती शाम के समय हुई जब नयना पानी पीने के लिए कमरे से बाहर आई थी।इसी दौरान मकान का पुराना छज्जा अचानक भरभराकर गिर पड़ा। मलबे के नीचे दबकर मासूम गंभीर रूप से घायल हो गई।परिवार के लोग और पड़ोसी तुरंत उसे मलबे से बाहर निकालकर पास के अस्पताल ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, अरुण श्रीवास्तव का मकान करीब 40 साल पुराना है। लंबे समय से उसकी मरम्मत नहीं हुई थी। बारिश के कारण दीवारों और छज्जे में सीलन भर गई थी।पड़ोसियों ने बताया कि हादसा इतनी तेजी से हुआ कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला।घटना की जानकारी मिलते ही नायाब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी, लेखपाल अशोक सैनी और गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और परिवार को सांत्वना दी। अधिकारियों ने मृतका के परिजनों को आपदा राहत नियमों के तहत आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। मोहल्ले के लोग इस हादसे से गहरे सदमे में हैं।स्थानीय निवासी संजय वर्मा ने कहा, ₹नयना बहुत होनहार और चंचल बच्ची थी। हम सबने उसे अपनी आंखों के सामने बड़ा होते देखा था।इतनी कम उम्र में उसकी मौत हम सभी के लिए गहरा आघात है।₹नयना की मौत के बाद परिवार के घर में कोहराम मचा है।मां प्रीति का रो-रोकर बुरा हाल है और पिता अरुण गहरे सदमे में हैं। पूरे मोहल्ले में मातम छा गया है।

# राखियां बनाकर छात्र छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट मलयपुर व सुमेरपुर के छात्र छात्राओं ने स्वनिर्मित राखियां बना देश के सैनिकों के लिए रक्षाबंधन व स्वतंत्रता अगस्त की तैयारियां कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बेसिक शिक्षा विभाग उन्नाव के दिशा-निदेशों के क्रम में विकास खंड अन्तर्गत मलयपुर विद्यालय में शिक्षक आशीष दीक्षित के संयोजन में हर घर तिरंगा अभियान अन्तर्गत राखी प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें छात्र अंश,संजना, कृष्णा, देवेन्द्र, ज्ञानेंद्र, अक्षय, अवनी की टीम द्वारा देश के सैनिकों के लिए निर्मित विशाल तिरंगा राखी ₹सिन्दूर रक्षा सूत्र₹ को विद्यालय स्तर पर विजेता घोषित किया गया। विद्यालय परिवार में प्रधान शिक्षक अजीत कुमार सिंह, सहायक शिक्षक मुकेश सचान, विनय शंकर सहित अन्य ने सहयोग किया। इसी तरह सुमेरपुर कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाचार्य वंदना



दीक्षित की अगुवाई में छात्र अंशिका, शुभी,शिवानी ,प्रियांशी,प्रिंस ,शिवा ,हिमांशू आदि बच्चो ने सुंदर राखियां व तिरंगे झंडे बना सैनिकों व देशवासियों का उत्साह बढ़ाने हेतू अपना उत्कृष्ट प्रर्दशन किया ।इस मौके पर विद्यालय परिवार के राकेश कुमार वर्मा, मनीषा कुशवाहा, रीता सिंह आदि लोग शामिल रहे।

# आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सीएम संबोधित तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। आजाद समाज पार्टी के कार्यकताओं ने धरना प्रदर्शन कर स्वास्थ्य विभाग बिजली विभाग मुरादाबाद के नारे लगाकर जन समस्याओं का 16 बिंदुओं का मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सौंपा। मोहान मलिहाबाद मार्ग मोहान पीएचसी के सामने बुधवार को ग्यारह बजे आजाद समाज पार्टी के जिला महासचिव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन हुआ जिसमें कार्य कताओं ने स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, मंत्री मुदार्बाद के नारे लगाए और ज्ञापन में बताया की तहसील के तीन ब्लाकों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित है लेकिन सुविधाएं नहीं हैं। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए।धीर खेड़ा गांव में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ताला बंद रहता है जिसे चालू कराया जाए। ग्रामीण इलाकों में जगह जगह शराब की दुकान खोल दी गई है जिससे नवयुवक बर्बाद हो रहे है। नगर पंचायत न्योतनी में आबादी के बीच शराब ठेका संचालित है जिसे दूसरी जगह खुलवा जाए औरास में एक सबस्टेशन के सहारे चार सौ गावों को बिजली सप्लाई की जा रही है जिससे ओवरलोड के कारण आय दिन दिक्कतें रहती है ग्रामीणों को विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है।कार्य कताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली जैसी ही निकाली पहले से मौजूद सुरक्षा में लगे कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ला, मोहान चौकी इंचार्ज अनिल साहू ने कार्य कताओं को रोक लिया , जिला महासचिव यतींद्र चौधरी ने तहसील दार अविनाश चौधरी, सीओ अरविंद चौरसिया को मुख्य मंत्री संबोधित नौ सूत्री ज्ञापन समस्याओ का सौंपा इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के मंडल अध्यक्ष अरविंद राजवंशी , जिला महासचिव यतींद्र चौधरी, मोनू रावत, राम केशन रावत, सहित अन्य सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसपी ने छह पुलिस क्षेत्राधिकारियों के कार्य क्षेत्र में किया बदलाव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस प्रशासनिक ढांचे को मजबूत बनाने के लिए एसपी दीपक भूकर ने छह पुलिस क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इस फेरबदल को जिले की कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने का प्रयास माना जा रहा है। नवागत आईपीएस अधिकारी दीपक यादव को सीओ सिटी की जिम्मेदारी दी गई है।हरियाणा के निवासी दीपक यादव जमीनी स्तर पर काम करने में दक्ष माने जाते हैं। उनकी नियुक्ति से शहर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और यातायात प्रबंधन में सुधार की उम्मीद है।कानपुर से स्थानांतरित हुए नवागत सीओ तेज प्रताप सिंह को पुरवा सर्किल की कमान सौंपी गई है। वे अपनी सख्त कार्यशैली और अपराध नियंत्रण के लिए जाने जाते हैं।17 माह से सीओ सिटी पद पर कार्यरत सोनम सिंह को अब सर्किल सीओ सफीपुर की जिम्मेदारी मिली है।सफीपुर में तैनात अजय सिंह को सीओ ट्रैफिक बनाया गया है। अब तक सीओ ट्रैफिक रहे संजय मिश्रा को सीओ कार्यालय का कार्यभार सौंपा गया है।सीओ लाइन में तैनात प्रदीप कुमार मौर्य को सीओ अपराध बनाया गया है।एसपी दीपक भूकर ने बताया कि यह बदलाव जिले में पुलिस की कार्यक्षमता बढ़ाने और जनता को त्वरित एवं प्रभावी सेवा उपलब्ध कराने के लिए किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए कार्यक्षेत्र संभालने वाले अधिकारी अपने अनुभव से कानून-व्यवस्था को नई दिशा देंगे।

# प्राचीन बाबा वीरभद्र महादेव मंदिर आस्था का केंद्र

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मारला चौकी अंतर्गत देवरा कला गांव में स्थित प्राचीन बाबा वीरभद्रेश्वर महादेव मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है।हजारों वर्ष पुराने इस मंदिर का शिवलिंग प्राकृतिक रूप से स्वयंभू माना जाता है।मंदिर में विराजमान शिवलिंग की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह न तो किसी कलाकार द्वारा तराशा गया है और न ही इसमें कोई शिल्पकारी है।यह प्राकृतिक शिवलिंग भक्तों के लिए आस्था का प्रतीक बना हुआ है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, यहां दर्शन मात्र से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।जो भक्त सच्चे मन से बाबा का जलाभिषेक करता है, उसकी हर मुराद पूरी होती है।प्रत्येक सावन माह में हजारों श्रद्धालु यहां जल चढ़ाने आते हैं।मंदिर की देखरेख ₹बाबा वीरभद्रेश्वर जन कल्याण समिति₹ द्वारा की जाती है।इस समिति में नवाब सिंह (अध्यक्ष), मकरध्वज तिवारी, शीरध्वज तिवारी, संटी तिवारी, अजीत सिंह, रिंकू सैनी, अश्वनी गुप्ता, विशाल गुप्ता, संतोष सिंह सेंगर और मोहित सिंह जैसे स्थानीय युवा और समाजसेवी शामिल हैं।समिति द्वारा मंदिर में साफ-सफाई, भक्ति कार्यक्रम और सुरक्षा जैसे कार्यों का संचालन किया जाता है। आगामी 11 अगस्त 2025 को बाबा वीरभद्रेश्वर जी के दरबार में विशाल भंडारे का आयोजन समिति और ग्रामवासियों के सहयोग से होने वाला है।

# नाली में पाइप डालने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के बेहटीगोपालपुर गांव में नाली में पाइप डालने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। पीड़ित धुन सिंह ने पुलिस को बताया कि वे अपने घर के पास नाली में पानी निकासी के लिए पाइप डाल रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले के सुरेश, अमित, महेश, हिमांशु और अन्य लोग वहां पहुंचे।उन्होंने पाइप डालने पर आपत्ति जताई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई। यह विवाद जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गया।आरोप है कि सुरेश, अमित, महेश, हिमांशु सहित अन्य लोग गाली-गलौज करते हुए पीड़ित के घर में घुस आए।उन्होंने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया। पीड़ित पक्ष के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। तब तक घायलों की हालत बिगड़ चुकी थी। परिजन घायलों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां उनका इलाज जारी है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।इसमें आरोपितों को पीड़ित पक्ष के घर के भीतर घुसकर मारपीट करते देखा जा सकता है। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है।गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है।सूचना मिलने पर अचलगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। वायरल वीडियो की भी तकनीकी जांच कराई जा रही है।थाना प्रभारी राजेश पाठक ने बताया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी विवाद को आपसी बातचीत से सुलझाएं।

# खेलते खेलते 4 वर्षीय मासूम के गले में अटका एक रुपया का सिक्का, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव।मंगलवार देर शाम चकमीरापुर गांव के राम रतन के 4 वर्षीय बेटे ने खेलते समय एक रुपए का सिक्का मुंह में रख लिया।सिक्का अचानक उसके गले में फंस गया। जब बच्चा दर्द से रोने लगा, तब परिजनों को घटना का पता चला। वे तुरंत उसे मंगलवार की रात 9 बजे बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए। वहां डॉक्टर ने बच्चे की जांच की।सिक्का गले में फंसने से बच्चे को सांस लेने में परेशानी हो रही थी।साथ ही उसे बार-बार उल्टी भी आ रही थी।परिजन चिंतित होकर बच्चे को बार-बार पानी पिलाते रहे ताकि सिक्का अंदर चला जाए।डॉक्टरों ने बच्चे की गंभीर स्थिति देखते हुए उसे कानपुर के उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया। स्थानीय संसाधनों की सीमितता के कारण यह निर्णय लिया गया जहां बेहतर इलाज संभव है।बच्चे की बिगड़ती हालत से परिजन अत्यंत चिंतित हैं।पिता राम रतन और मां की आंखों में डर और बेचैनी साफ दिखाई दे रही थी।वे तुरंत बच्चे को लेकर कानपुर के लिए रवाना हो गए हैं।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हादसा,झपकी आने से कार ट्रेलर में घुसी, महिला समेत चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर नसीरपुर गांव के सामने बुधवार सुबह आठ बजे एक बड़ा हादसा हुआ।तेज रफ्तार कार और ट्रेलर की टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।हादसे में कार में सवार नोएडा के सुरज कुंड थाना क्षेत्र निवासी 39 वर्षीय नाजिम पुत्र नानू और 23 वर्षीय हारिया पुत्री फरीन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों दिल्ली से लखनऊ जा रहे थे जब उनकी कार गुजरात से आजमगढ़ जा रहे ट्रेलर में पीछे से जा घुसी।यूपीडा टीम और डायल 112 पुलिस ने घंटों रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को बाहर निकाला। दोनों को पहले बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।स्थानीय पुलिस ने ट्रेलर चालक शोभराम पुत्र रामकुमार मीना, जो राजस्थान के भैरूपुरा थाना तोग रायदित का रहने वाला है, को हिरासत में ले लिया है।हादसे का कारण कार चालक को झपकी आना बताया जा रहा है।

# सास के अंतिम संस्कार से वापस घर जा रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना गंगाघाट क्षेत्र के मरहलां चौराहा के पास मंगलवार देर शाम सास के अंतिम संस्कार से घर लौट रहे दामाद की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई हरिशंकर 60 वर्ष पुत्र जियालाल निवासी उन्नाव मंगलवार को अपनी सास के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए ससुराल गए थे।अंतिम संस्कार के बाद वह देर शाम पैदल ही घर लौट रहे थे।जब वह थाना गंगाघाट क्षेत्र के मरहलां चौराहा के पास पहुंचे, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि हरिशंकर सड़क पर गिर पड़े।मौके पर ही उनकी मौत हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए।उन्होंने पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची गंगाघाट थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिवार के सदस्यों ने बताया कि हरिशंकर मिलनसार और शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी।परिजनों ने चालक की जल्द पहचान कर कार्रवाई की मांग की है। थाना गंगाघाट पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।पुलिस जल्द ही घटना में शामिल वाहन की पहचान कर आरोपी चालक को गिरफ्तार करेगी।

# पैदल जा रहे युवक को बाइक सवार ने मारी टक्कर, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

असोहा, उन्नाव।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पैदल जा रहे युवक को अनियंत्रित बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो बताते हैं कि मृतक अपनी पत्नी के साथ किसी काम से जा रहा था सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया युवक की मौत से परिजनो में चीख पुकार मच गई असोहा थाना क्षेत्र के संभुखेड़ा मजरा मालिहागाढ़ा निवासी कृष्ण कुमार 45 वर्ष पुत्र ईश्वरदीन अपनी पत्नी बिंदादेई के साथ किसी काम से पैदल जा रहा था तभी तभी संडौली के पास विपरीत दिशा से आ तेज रफ्तार बाइक सवार ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दो वही बाइक सवार युवक को हिरासत में ले लिया मृतक पत्नी समेत दो पुत्र राज कुमार 15 वर्ष अनुज 10 वर्ष व पुत्री रागिनी 8 वर्ष को रोता बिलखता छोड़ गया

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव।थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के गांव कबीरपुर में एक युवक का शव उसके घर के छप्पर में फांसी के फंदे पर लटकता मिला।बुधवार की सुबह पड़ोसियों ने 22 वर्षीय मनोज पुत्र इंद्रपाल का शव देखा और इसकी सूचना दी।सूचना मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।शव छप्पर में फंदे पर घुटनों के बल लटकता हुआ मिला था।इस वजह से कुछ लोगों ने घटना पर संशय जताया है।कुछ लोग इस घटना को संदिग्ध मान रहे हैं।बेहटा मुजावर थाना प्रभारी मुन्ना कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।मृतक मनोज तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।उसके दो छोटे भाई और मां गुड्डी सहित सभी परिजन दिल्ली में रहते हैं।इस कारण वह अकेले ही गांव में रहता था।वह आसपास के क्षेत्र में मेहनत-मजदूरी करके अपना गुजर-बसर करता था।स्थानीय लोगों के अनुसार, वह कुछ नशीले पदार्थों का भी सेवन करता था।

## सम्पादकीय

# सियासी लाभ के लिए चुनाव आयोग को बदनाम न करें

स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाएं किसी भी मजबूत लोकतंत्र की नींव होती हैं। लोकतंत्र तभी जिंदा रह सकता है जब ये संस्थाएं निष्पक्ष और पूर्ण आजादी से फैसले लें। यही कारण था कि हमारे संविधान में देश की संस्थाओं को आजाद रखने के लिए अनेक प्रावधान किए गए बल्कि अधिकार भी दिए गए। ऐसी ही एक संस्था है चुनाव आयोग। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव एक ऐसी बुनियाद है, जिस पर लोकतंत्र की इमारत टिकी हुई है। इस बुनियाद को बनाए रखने में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव से जुड़े सिद्धांत और प्रक्रियाएं अहम भूमिका निभाती हैं। इसे चुनाव आयोग ने बाखूबी निभाया भी है। 400 से अधिक राज्य विधानसभा चुनाव, 16 राष्ट्रपति चुनाव, 16 उपराष्ट्रपति चुनाव और 17 राष्ट्रीय चुनाव को सफलतापूर्वक करवाना सामान्य बात नहीं है, लेकिन बीते कुछ दिनों से आयोग को ही कठघरे में खड़ा करने के प्रयास हो रहे हैं, उसकी निष्पक्षता पर उंगली उठाई जा रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। वे लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रहे हैं। यहां तक कि वे आयोग के अधिकारियों को चेतावनी देने से भी नहीं चूक रहे। यह ठीक है कि चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों का कड़ा प्रतिवाद करने के साथ यह कहकर उन्हें बेनकाब भी किया कि वे किस तरह अपने आरोपों का जवाब सुनने को उसके समक्ष उपस्थित नहीं हुए। चुनाव आयोग ने बार-बार उन्हें बुलाया, लेकिन लगता है कि वे संवैधानिक संस्था को बदनाम करने पर ही आमादा हैं। राहुल गांधी के साथ-साथ बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आरजेडी नेता तपस्वी यादव भी चुनाव आयोग को निशाने पर ले रहे हैं। वे बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के सत्यापन से नाराज हैं। जबकि बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन की कार्रवाई अनिवार्य है, लेकिन राजनीतिक दलों द्वारा आयोग की इस कार्रवाई के खिलाफ तरह-तरह से भ्रामक और गलत प्रचार किया जा रहा है। यह ठीक है कि चुनाव आयोग मतदाता सूची के सत्यापन संबंधी फर्जी पोस्ट एवं वीडियो को खोज-खोज कर उन्हें गलत बता रहा है और इसी के साथ सच्चाई भी बयान कर रहा है, लेकिन इसे पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। चुनाव आयोग को ऐसे भ्रामक वीडियो एवं पोस्ट करने वालों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई भी करनी चाहिए। यदि इस तरह की फर्जी न्यूज फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो शरारती तत्वों का दुस्साहस ही बढ़ेगा। अब तपस्वी यादव को ही लें, उन्होंने पत्रकारवार्ता करके ऐलान कर दिया कि मतदाता सूची से उनका और उनकी पत्नी का नाम काट दिया गया है। हद तो तब हो गई जब तेजस्वी ने अपने वोटर कार्ड का नंबर भी बता दिया। इसके तुरंत बाद चुनाव आयोग ने न केवल इसका खंडन किया बल्कि अब उन्हें नोटिस भेजा है। इसमें पूछा गया है कि उनके पास वोटर कार्ड के दो ईपिक नंबर कैसे आए। बिहार की दीघा विधानसभा के निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ने नोटिस में कहा है कि आपके द्वारा ईपिक संख्या आएएबी 2916120 दिखाया गया, जो आधिकारिक रूप से जारी नहीं किया गया है। इससे बिलकुल साफ है कि उनका इरादा केवल चुनाव आयोग को बदनाम करने का है, जो कतई लोकतंत्र के हित में नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को चाहे वो सत्ता में हो या विपक्ष में, हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि हमारी संवैधानिक संस्थाओं पर कोई आंच न आए। अगर ये स्वतंत्र नहीं रह पाईं तो लोकतंत्र भी नहीं रह पाएगा।



सियासत

राजकुमार सिंह

# विपक्षी एकता पर भारी कांग्रेस-आप टकराव

संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले आप का 'इंडिया' गठबंधन से अलगाव बताता है कि भाजपानीत राजग के चुनावी मुकाबले के बड़े लक्ष्य के साथ हुई विपक्षी एकता परस्पर दलगत हितों के टकराव के ग्रहण से नहीं बच पा रही। आप के अलगाव से उजागर विपक्ष के अंतर्विरोध निश्चय ही केंद्र समेत ज्यादातर राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी अगुवाई वाले राजग के लिए उत्साहवर्धक हैं। लगातार दो लोकसभा चुनाव हार कर एकता की राह पर चले विपक्ष में बिखराव उसके अपने भविष्य के लिए सुखद संकेत नहीं है। अगले लोकसभा चुनाव तो 2029 में होंगे, लेकिन उससे पहले होने वाले विधानसभा चुनावों के परिणामों का विपक्षी मनोबल पर ही नहीं, मतदाताओं के मन पर भी दूरगामी असर पड़ेगा।

संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले आप का 'इंडिया' गठबंधन से अलगाव बताता है कि भाजपानीत राजग के चुनावी मुकाबले के बड़े लक्ष्य के साथ हुई विपक्षी एकता परस्पर दलगत हितों के टकराव के ग्रहण से नहीं बच पा रही। वर्ष 2023 के मध्य में बने दो दर्जन विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जदयू और जयंत चौधरी के रालोद की विदाई पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले ही हो गयी थी। जाहिर है, उस अलगाव के दलगत टकराव के अलावा भी कुछ कारण रहे होंगे, लेकिन हाल में आप के 'इंडिया' गठबंधन से अलग होने के पीछे तो उसका कांग्रेस से टकराव ही एकमात्र कारण है। बेशक पहले दिल्ली और फिर पंजाब की सत्ता छीनने वाली आप से कांग्रेस का दलीय हितों का टकराव अस्वाभाविक नहीं, पर यह तो 'इंडिया' गठबंधन में उनके साथ आने से पहले भी सबको पता था।

दिल्ली पर लगातार 15 साल राज करने वाली कांग्रेस अगर वहां विधानसभा में शून्य हो गयी तो उसमें सबसे अहम भूमिका आप की ही रही। गुजरात और गोवा में भी आप की चुनावी मौजूदगी ने कांग्रेस को भारी नुकसान पहुंचाया है। इसके बावजूद 'इंडिया' गठबंधन के बैनर तले ये दोनों दल साथ आये तो इसलिए कि भाजपानीत राजग को विपक्षी एकता बिना चुनौती दे पाना संभव नहीं। तमाम अंतर्विरोधों के बावजूद 'इंडिया' गठबंधन किसी हद तक वह लक्ष्य हासिल भी कर पाया, जब 2019 के लोकसभा चुनाव में अकेले दम पर 303 सीटें जीतने वाली भाजपा 2024 में 240 सीटों पर रुक गयी और सरकार के लिए राजग के अपने सहयोगियों पर उसकी निर्भरता बढ़ गयी। निश्चय ही गठबंधन का सबसे ज्यादा लाभ कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को हुआ, जो क्रमशः 52 से 99 और पांच से 37 सीटों पर पहुंच गयीं। ध्यान रहे कि कांग्रेस और आप, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात और चंडीगढ़ में तो लोकसभा चुनाव मिलकर लड़े, लेकिन पंजाब में एक-दूसरे के विरुद्ध। पंजाब में आप प्रचंड बहुमत से सत्तारूढ़ दल है, जबकि कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल। ऐसे में मिलकर चुनाव लड़ने से कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में तो भ्रम की स्थिति बनती ही, दोनों दलों की साख पर भी सवालिया निशान लग जाता। वैसे दिल्ली में दोनों मिलकर भी भाजपा को फिर सभी सात सीटें जीतने से नहीं रोक पाये। हां, हरियाणा में कांग्रेस 10 में से पांच सीटें जीतने में सफल हो गयी। चंडीगढ़ से भी कांग्रेस के मनीष तिवारी जीते।

कह सकते हैं कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन का आप को ज्यादा लाभ नहीं हुआ, लेकिन दोनों के बीच तल्खियां बढ़ीं चंद महीने बाद हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव से। कांग्रेस-आप में सीटों के बंटवारे पर बातचीत तो हुई, पर सिरे नहीं चढ़ पायी। नतीजतन आप ने 90 में 88 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिये। आप को तो दो प्रतिशत मत भी नहीं मिल पाये, लेकिन सत्ता की दौड़ में भाजपा से कांग्रेस एक प्रतिशत से भी कम मतों से पिछड़ गयी। आश्चर्य नहीं कि उस नतीजे से कांग्रेस और आप के बीच बढ़ीं तल्खियां दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक-दूसरे के विरुद्ध मोर्चेबंदी तक पहुंच गयीं। पिछले विधानसभा चुनाव में भी खाता खोलने में नाकाम रही। कांग्रेस ने इस बार जो चुनावी मोर्चाबंदी की, वह भाजपा के बजाय आप के विरुद्ध ज्यादा नजर आयी। दोनों के



बीच कटुता इतनी बढ़ी कि आप ने कांग्रेस को 'इंडिया' गठबंधन से बाहर निकालने की मांग तक कर डाली। आप से हिसाब चुकता करने का कांग्रेस का दांव कारगर रहा और 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में भाजपा की वापसी हो गयी। मत प्रतिशत और सीटों का गणित संकेत देता है कि अगर कांग्रेस-आप मिलकर लड़े होते तो शायद भाजपा की सत्ता में वापसी इतनी आसान नहीं होती। अरविंद केजरीवाल की आप ने जिस दिल्ली से सत्ता का सफर शुरू करते हुए सबसे कम समय में राष्ट्रीय दल का दर्जा हासिल किया, वहीं वह सत्ता से पैदल हो गयी। ऐसे में आप के पास भावी चुनावी राजनीति में गंवाने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है, जबकि वह गुजरात, गोवा समेत कई राज्यों में कांग्रेस का चुनावी गणित बिगाड़ सकती है।

हालांकि आप सांसद संजय सिंह द्वारा 'इंडिया' गठबंधन की कार्यशैली पर उठाये गये सवाल अपनी जगह जायज हैं, लेकिन अलगाव की असली वजह कांग्रेस से कटुता निर्णायक मोड़ पर पहुंच जाना ही है। आप सांसद संजय सिंह ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी संसदीय मुद्दों पर टीएमसी और डीएमके जैसे विपक्षी दलों के साथ समन्वय बनाए रखेगी और उनका समर्थन करेगी, जैसा कि ये दल आप का समर्थन करते हैं। निश्चय ही आप की उपस्थिति उन राज्यों में भाजपा की मददगार साबित होगी, जहां उसका कांग्रेस से सीधा मुकाबला रहा है। दरअसल भाजपा या उसकी अगुवाई वाले गठबंधन राजग के विरुद्ध जितने ज्यादा दल चुनाव मैदान में होंगे, विरोधी मत उतने ही ज्यादा बंट जायेंगे। भाजपा विरोधी मतों के इस बिखराव से बचने के लिए ही विपक्षी गठबंधन की कवायद हुई थी, लेकिन दो साल में ही गाड़ी पटरी से उतरती नजर आ रही है।

बेशक गठबंधन की सफलता सभी घटकों के सहयोग, समन्वय और समझदारी पर निर्भर करती है, लेकिन सबसे बड़े दल के नाते इसमें कांग्रेस की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। याद करिए कि जुलाई, 2023 में बनने के बाद से 'इंडिया' गठबंधन की कितनी बैठकें हुई हैं? संयोजक तो दूर, आज तक सचिवालय या संगठनात्मक ढांचा नहीं बन पाया। दो साल में न तो साझा न्यूनतम कार्यक्रम बना और न ही कभी संयुक्त चुनाव प्रचार नजर आया। हां, संसद में अवश्य कभी-कभी तालमेल दिखा, पर कुछ मुद्दों पर मतभेद भी छिपे नहीं रहे हैं। ऐसे में यह सवाल तो उठेगा ही कि आखिर 'इंडिया' गठबंधन जमीन पर क्यों नहीं उतर पाया? विपक्षी गठबंधन जब जमीन पर ही नजर नहीं आयेगा तो जनता उसके विकल्प बन सकने की क्षमता पर विश्वास कैसे करेगी? विडंबना यह भी है कि कांग्रेस अकसर अपने दलीय हितों के हिसाब से विचार और निर्णय करती नजर आयी है। आप समेत उत्तर भारत के ज्यादातर छोटे दलों ने कांग्रेस के ही परंपरागत जनाधार में सेंधमारी से अपना जनाधार बनाया है। मुद्दे भी कमोवेश समान हैं।

कांग्रेस की दुविधा यह है कि अपने पुनरुत्थान के लिए इन दलों से जनाधार वापस छीनना जरूरी है, जबकि उनसे हाथ मिलाये बिना भाजपा का चुनावी मुकाबला मुश्किल है। इस जटिल राजनीतिक समीकरण में संतुलन पर ही कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का चुनावी भविष्य निर्भर करता है। आप के अलगाव से उजागर विपक्ष के अंतर्विरोध निश्चय ही केंद्र समेत ज्यादातर राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी अगुवाई वाले राजग के लिए उत्साहवर्धक हैं। जाहिर है, लगातार दो लोकसभा चुनाव हार कर एकता की राह पर चले विपक्ष में बिखराव उसके अपने भविष्य के लिए सुखद संकेत नहीं है। अगले लोकसभा चुनाव तो 2029 में होंगे, लेकिन उससे पहले होने वाले विधानसभा चुनावों के परिणामों का विपक्षी मनोबल पर ही नहीं, मतदाताओं के मन पर भी दूरगामी असर पड़ेगा।

व्यापार समझौता

विकेश कुमार बडोला



# ट्रंप की आक्रामक नीतियों में उलझे द्विपक्षीय संबंध

अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक नीतियों ने दुनिया में उलझन बढ़ा दी है। पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर भारत के प्रहार के बाद तो ट्रंप भारत के प्रति भी नाटकीय ढंग से अविश्वसनीय, हास्यास्पद तथा अनर्गल वक्तव्य देने लगे हैं। गत सवा दो माह में उन्होंने भारतीय गरिमा को अपने अनेक अप्रत्याशित वक्तव्यों से खंडित किया है। राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी फर्स्ट की अपनी चुनावी नीति को धरातल पर क्रियान्वित करने में उन्हें जो भी कठिनाइयां हो रही हैं, उसकी प्रतिक्रिया वे भारत समेत विश्व के भिन्न-भिन्न देशों को आयात-निर्यात शुल्क बढ़ाने की धमकियां देकर, शुल्क वृद्धि करके कर रहे हैं। पाकिस्तान स्थित अपनी सामरिक अवसंरचनाओं को भारत के प्रहार से हुई अधिक हानि के बाद वे भारतीय प्रधानमंत्री से रुष्ट हैं। जहां नरेंद्र मोदी भारतीय लोकतंत्र की आधिकारिक औपचारिकताओं से बंधकर चुपचाप भारतीय हितों का संरक्षण कर रहे हैं, वहीं ट्रंप भारत के संदर्भ में व्यापारिक समझौतों को भारतीय व्यापार मंत्रियों व प्रतिनिधियों के व्यापार-मंथन के आधार पर नहीं, अपितु नरेंद्र मोदी के साथ आमने-सामने बैठकर चुटकियों में एक संकेत पर अंतिम रूप दे देना चाहते हैं। चूंकि अमेरिकी प्रधान स्वयं में एक व्यापारी हैं, उनके पास अंतरराष्ट्रीय व्यापार का वर्षों पुराना अनुभव है तथा उस आधार पर उन्हें अमेरिका की ओर से अन्य देशों के साथ होने वाले व्यापारिक समझौतों के अमेरिकी हित में निकलने वाले निष्कर्ष भलीभांति ज्ञात हैं, इसीलिए वे नरेंद्र मोदी से भी अपेक्षा कर रहे हैं कि वे उनके अनुसार समझौते का किंतु-परंतु के बिना यथाशीघ्र निस्तारण कर दें। वे भूल रहे हैं कि इस समय भारत का केंद्रीय शासन एक सुशासन प्रणाली के नियम से बंधा हुआ है। ऐसे शासन के किसी भी कार्य, समझौते अथवा निर्णय में भ्रष्टाचार, अनाधिकृत प्रभाव एवं अधीरता का आचरण नहीं है। ट्रंप अपनी बढ़ती आयु तथा इस भय से कि संभवतः अब तीसरी बार राष्ट्रपति नहीं बन सकेंगे, अमेरिकी फर्स्ट की नीति अंगीकार कर जैसे-तैसे अमेरिका के प्रभाव को बड़ा व विशाल कर देना चाहते हैं। इस आवेश में वे अपने प्रथम कार्यकाल की उन नीतियों को भी भूल चुके हैं, जिनमें उन्होंने इस्लामिक आतंक को कुचलने के लिए व्यापक कार्य किये थे तथा इसी प्रभाव में मोदी की उनसे मैत्री स्थापित हुई थी। वे जैसे-तैसे इस समय की अपनी राजनीतिक इच्छाओं की पूर्ति कर लेना चाहते हैं। उनके साथ का अथवा उनके कार्यालय का कोई भी अन्य पदाधिकारी, यहां तक कि उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस भी, अमेरिका की ओर से वक्तव्य देने के लिए स्वतंत्र नहीं है। ट्रंप को अमेरिका की ओर से राष्ट्रपति के रूप में अपना प्रभाव इतना अधिक व्यापक कर देना है कि वे उस आधार पर रूस-यूक्रेन समेत दुनिया के अन्य देशों के मध्य हुए या होते आ रहे युद्धों को समाप्त करने का महत्ती श्रेय लेना चाहते हैं। इस महत्वाकांक्षा के पूर्ण होने पर उन्हें नोबल पुरस्कार प्राप्त करने की अभिलाषा भी है। इतना सब उनके पक्ष में उनके अनुसार होने के लिए उनके पास राष्ट्रपति के रूप में मात्र दो-ढाई वर्ष का ही समय शेष है। अतः वे भारत के संदर्भ में, मोदी के संबंध में भी अपने चिरपरिचित मैत्रीपूर्ण व्यवहार से विमुख हो चुके हैं। उन्हें किसी भांति, चाहे भारत तथा मोदी को ही रुष्ट क्यों न करना पड़े, अपनी महत्वाकांक्षाएं पूरी करनी हैं। वे अपनी राजनीतिक एवं व्यापारिक चतुरता दिखाते हुए हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि भारत को, विशेषकर उनकी शर्तों पर व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में देर करने वाले मोदी को, नीचा दिखाया जाए। इसके लिए उन्होंने भारत-पाक युद्ध को रुकवाने के लिए खुद को पचास से अधिक बार श्रेय दे दिया है। वे रूस के साथ भारत की सामरिक-व्यापारिक मैत्री के लिए भी भारत को अनेक धमकियां दे चुके हैं। चूंकि भारत सुशासन के साथ उभरती हुई एक वैश्विक शक्ति बन रहा है, इसीलिए वह अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं करते हुए अमेरिकी प्रस्ताव को अस्वीकार करने पर लगा हुआ है।

# मन से तय होती है जीवन की सही दिशा



संकलित

दर्शन

अकसर समस्याओं में लोग दूसरों को पुकारते हैं जबकि यदि लोग अपने मन को अंतर्मुख करें, तो समाधान उन्हें अपने में ही मिल जाएगा। बस कुछ समय निकाल कर खुद के अंदर झांकने की जरूरत होती है। कहते हैं कि मन से जीवन की दिशा तय होती है, लेकिन ये बड़ा चंचल होता है। इसे समझना आसान नही है। मन को दुखी न करो : हमेशा उन विचारों को दूर करने की कोशिश करें जो मन को दुख पहुंचाने वाले हैं। उन बातों को भी मन पर बिलकुल हावी न होने दें जो आपके अंदर नकारात्मकता भरती हैं। मन को पकडक़र न बैठो : अकसर मन इधर-उधर भागने लगता है। ऐसे में उसे भागने दो। उसे जबरदस्ती पकडक़र रोकने की कोशिश न करो। इसके बाद इसके पीछे जाओ और इसे वापस ले आओ। वह कहते हैं कि इनसान स्वयं अपने मन को खुश रखने के लिए जिम्मेदार है। ऐसे में उसे यह दृढ़ संकल्प करना जरूरी है कि चाहे कुछ भी हो जाए, कोई भी व्यक्ति मेरी खुशी नहीं छीन सकता। जीवन को एक सही दिशा देने में मन की विशेष भूमिका होती है। जीवन में ऐसा कुछ नहीं है, जिसके प्रति बहुत गंभीर रहा जाए। यह हाथों में खेलने के लिए एक गेंद है। इसे पकड़े मत रहो। इंसानी जीवन में इच्छा को कभी भी खुद पर हावी न होने दो। इच्छा हमेशा अकेले मैं शब्द पर लटकती रहती है। ऐसे में जब इंसान मैं का त्याग कर देता है, तब इच्छा भी समाप्त हो जाती है। जीवन को लेकर गहराई से सोचिए। अतीत में बहुत सी समस्याएं आई थीं, जो आज नहीं हैं। वे आईं और चली गईं।

# ऊर्जा के नाश को रोकता है माथे का तिलक



संकलित

प्रेरणा

भारतीय संस्कृति में तिलक धारण करने का धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रहा है। प्राचीन काल में तीर्थों की पवित्र मिट्टी (शुचितम मृत्तिका) तिलक के रूप में माथे पर लगाई जाती थी। धीरे-धीरे इस मृत्तिका का स्थान चंदन, गोपीचंदन, कुमकुम, भस्म या केसर ने ले लिया। तिलक धारण करने के इन सभी रूपों का उद्देश्य केवल बाह्य सज्जा नहीं, बल्कि आंतरिक चेतना का जागरण है। विज्ञान की दृष्टि से देखें तो तिलक या टीका लगाने से मस्तिष्क के अग्र भाग में स्थित तंत्रिकाओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे तनाव कम होता है और मन एकाग्र होता है। तिलक का स्थान मस्तक के उस भाग पर होता है, जिसे 'आज्ञा चक्र' कहा जाता है। यह स्थान निर्णय क्षमता, स्मृति और विवेक का केंद्र होता है। जब इस स्थान पर चंदन या भस्म लगाया जाता है, तो वह मानसिक शीतलता, आत्म-संयम और आस्था का संचार करता है। इसे इस तरह से भी समझा जा सकता है कि मनुष्य की दोनों भृकुटियों के मध्य में मुख्य महत्त्वपूर्ण नर्व पॉइंट होता है। तिलक उस जगह लगाने से एकाग्रता रखने में मदद मिलती है। तिलक का व्यवहार ब्राह्मणों या सनातन भारतीय समाज के अन्य वर्गों तक ही सीमित नहीं रहा है। क्षत्रिय राजा के जीवन में तिलक धारण करने को विशेष महत्व दिया जाता था। भगवान श्री रामचंद्र चंदन का तिलक लगाया करते थे। आज भी आप किसी देवालय में जाएं तो पंडित सर्वप्रथम आपके माथे पर तिलक ही लगाएगा।

## गणेशोत्सव की तैयारी



देशभर में गणेशोत्सव की तैयारी चल रही है। कोलकाता में भगवान गणेश की प्रतिमा को अंतिम रूप देता एक कलाकार।

## आज की पाती

### सेजबहार का हाल-बेहाल

सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कालोनी का हाल–बेहाल है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने मकान बेचकर इतिश्री कर ली। अब सफाई के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाते रहे। अफसर मस्त हैं। जवाबदारी लेने को कोई तैयार नहीं। रजिस्टर में शिकायतें लिखकर कर्मचारी औपचारिकता पूरी कर रहे हैं। दो महीने बीतने के बाद भी शिकायतों का कोई निराकरण नहीं हो पा रहा है। रात में अंधेरे से भी कालोनीवासी परेशान हैं। स्ट्रीट लाइट महीने में कुछ दिन ही जलती है। जलकर और मेंटनेंस का पैसा लेकर हाउसिंग लोगों को सुविधाएं देने में असफल है।

*–शाहीन बेगम, रायपुर*

## ट्रेंड

### ये नया भारत है

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से जिन्हें परेशानी हो रही है, उन्हें काशी की धरती से मैं बताना चाहता हूं कि ये नया भारत है। ये बाबा भोलेनाथ को पूजने के साथ देश के दुश्मनों के सामने कालभैरव भी बन जाता है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### जयंती पर नमन

'हम कौन थे, क्या हो गए हैं और क्या होंगे अभी', यह आत्मबोध 'पद्म भूषण' राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी की लेखनी का तेज था। संस्कृति, संवेदना और राष्ट्रनिष्ठा से समृद्ध उनकी कालजयी रचनाएं युगों तक हमें संस्कारित करती रहेंगी। राष्ट्रकवि को उनकी पावन जयंती पर सादर नमन!

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### सड़कें बद से बदतर

उप्र में भाजपा की पिछली सरकार ने 'गड्ढा मुक्ति' के नाम पर अरबों का जो फंड निकाला था, वो भाजपाइयों की जेब के गड्ढे तो भर गया लेकिन सड़कें बद से बदतर हो गयीं। भाजपा जाये तो सड़क बन जाए।

- अखिलेश यादव, सपा सांसद



### वाणी का सदुपयोग

पानी का अनियंत्रित प्रवाह बाढ़ बनकर गाँवों को समाप्त कर देता है और वाणी का संबंधों को मिटा देता है। पानी और वाणी पर नियंत्रण, इनका सदुपयोग करके हम अपनी बस्ती और हस्ती की रक्षा कर सकते हैं।

- आशुतोष राणा, अभिनेता



## करंट अफेयर

# विचारधारा से आमदनी तक कश्मीर में नया सोशल मीडिया खेल

सुरक्षा एजेंसियों ने कश्मीर घाटी में कुछ युवाओं के बीच अलगाववादियों और आतंकवादियों का महिमामंडन करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने के एक नये चलन का खुलासा किया है। इसके पीछे का कारण वैचारिक प्रतिबद्धता नहीं, बल्कि फॉलोवर बढ़ाने और विज्ञापनदाताओं से धन कमाने की एक सोची–समझी रणनीति है। श्रीनगर पुलिस कट्टरपंथ का मुकाबला करने के लिए सोशल मीडिया साइट पर नजर रखने का हरसंभव प्रयास कर रही है। श्रीनगर पुलिस को इस प्रवृत्ति का पता तब चला जब उसने ऐसे अकाउंट से जुड़े कुछ युवाओं को हिरासत में लिया



## ऑफ बीट

# भक्त को बचाने स्वयं प्रकट हुए नागेश्वर ज्योतिर्लिंग

गुजरात के द्वारका धाम से करीब 16 किलोमीटर दूर नागेश्वर ज्योतिर्लिंग है। ये भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में दसवें ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रसिद्ध है। माना जाता है ये मंदिर करीब 2500 साल पुराना है। पौराणिक मान्यता और कथा–भगवान शिव का एक अनन्य भक्त सुप्रिय नामक व्यापारी था। जिसे एक दिन दारुक नाम के राक्षस ने कारागार में बंद कर दिया और तरह–तरह के कष्ट दिए, लेकिन वह अपनी भक्ति पर अटल रहा। आखिर में दारुक ने एक दिन जब वह पूजा में मग्न था, उस पर अत्यंत क्रोध करना शुरू कर दिया, लेकिन वह अपने आराध्य भगवान शिव से प्रार्थना करता रहा, आखिर में भगवान शिव ज्योतिर्लिंग के रूप में कारागार में प्रकट हुए



# मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने को जागरूकता जरूरी : डीएफओ

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। मानव-वन्य जीव संघर्ष का मुख्य कारण वन क्षेत्र में मनुष्य का अतिक्रमण है। इस संघर्ष को रोकने के लिए जन जागरूकता बहुत ही आवश्यक है। ये बातें डीएफओ डॉ. आर एस यादव ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) पयागपुर में चल रही कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि सामान्य तौर पर वन्य जीव मानव पर हमला नहीं करते हैं लेकिन ऐसे कई कारण हैं जिससे यह मानव क्षेत्र में भी आने लगे हैं। ऐसे में यदि कोई घातक वन्य जीव दिखाई दे तो इसकी तुरंत सूचना वन विभाग को दी जानी चाहिए। वनकर्मी तत्काल उस क्षेत्र में पहुंचकर समस्या का हल निकालेंगे। उन्होंने इस समस्या के निदान के लिए विद्यालयों और ग्राम पंचायत स्तर पर




जन जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन पर बल दिया। भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज के संयुक्त तत्वाधान में चल रही इस कार्यशाला में शिक्षकों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं बताईं, जिनका वन अधिकारियों द्वारा समाधान बताया गया। प्रशिक्षण प्रभारी डायट प्रवक्ता रमेश कुमार ने कहा कि यदि हम सावधानी और सतर्कता बरतें तो वन्य जीवों से संघर्ष को टाला जा सकता है। डायट के वरिष्ठ व्याख्याता आरके वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में शिक्षक अहम भूमिका निभा सकते हैं। कार्यशाला में शिक्षक मानव-वन्य जीव संघर्ष सहित कई अन्य विषयों पर कठपुतली नाटक भी तैयार किए जा रहे हैं जिन्हें प्रभावित क्षेत्रों में जन जागरूकता के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। पांच दिवसीय इस कार्यशाला में ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों के प्रशिक्षण का कार्य चल रहा है। कार्यक्रम में डॉ. तारिक बदर ने प्रतिभागियों को विज्ञान पटकथा लेखन की बारीकियां बताईं। कल कार्यशाला में संयुक्त राष्ट्र संघ में विशेषज्ञ रहे डॉ. नवनीत सिंघल, पंचायती राज विभाग के जिला समन्वयक बृजेश पांडे और प्रख्यात विज्ञान संचारक डॉ. वीपी सिंह द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा।

# स्पार्क कालेज की निदेशिका व छात्र-छात्राओं ने महिलाओं को दी स्तनपान की जानकारी



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। बौंडी-मरौचा मार्ग के अलादादपुर स्थित स्पार्क ग्रुप आफ कालेज में बुधवार को स्तनपान सप्ताह मनाया गया। इसके तहत अलादादपुर गांव में धात्री और गर्भवती महिलाओं को स्तनपान के लाभ के बारे में बताया। निदेशिका डा. अभिलाषा वर्मा ने महिलाओं को मां के दूध के लाभ के बारे में बताया। उन्होंने महिलाओं को शिशुओं को दूध पिलाने की सही प्रक्रिया के बारे में भी जागरूक किया। नर्सिंग के जीएनएम की छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से महिलाओं को स्तनपान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जन्म के छह माह तक शिशु को मां का दूध ही पिलाना चाहिए। इस मौके पर शिक्षिका वंदना, मंजुला, शारदा वर्मा, अमना जिया, श्रद्धा शुक्ला, शिवानी चौधरी व कोमल देवी मौजूद रही।

## संक्षेप

### सुलतानपुर में हुई विशेष बैठक

**भाजपा जिलाध्यक्ष ने पीपरगांव मंडल में कार्यकर्ताओं को दिए संगठनात्मक टिप्स**

सुलतानपुर, भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी ने इसौली विधानसभा क्षेत्र के चकफाजिलपुर में एक बैठक की। बैठक में जिला मंत्री प्रदीप शुक्ला और महिला मोर्चा काशी प्रांत महामंत्री बविता तिवारी भी मौजूद रहीं। बैठक मंडल महामंत्री अमन वर्मा के आवास पर आयोजित की गई। इसमें मंडल अध्यक्ष जग प्रसाद वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय, अवधेश दुबे, मंडल उपाध्यक्ष सौरभ मिश्र, मंडल महामंत्री स्वामीनाथ पाण्डेय, जयकरन वर्मा और मंडल उपाध्यक्ष तिलक राज मौर्य सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को पीपरगांव मंडल को और अधिक मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण संगठनात्मक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही पार्टी को जीत दिलाता है। कार्यक्रम के दौरान मंडल महामंत्री अमन वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने जिलाध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी को अंग वस्त्र और भगवान की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित भी किया।

### हरिहरपुर जगत बाबा मंदिर में भक्तों ने किया जलाभिषेक

**बरसात के बीच भक्तों ने बेलपत्र, पुष्प और चंदन से की भोलेनाथ की पूजा**

सुलतानपुर, शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित हरिहरपुर जगत बाबा मंदिर पर आज चौथे सोमवार को भक्तों ने विशेष पूजा-अर्चना की। बरसात के बीच भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। लगभग 500 वर्ष पुराने इस मंदिर पर भक्तों ने बेलपत्र, पुष्प, चंदन, रोली, भांग और धतूरा सहित अन्य पूजा सामग्रियों से विधिवत पूजा संपन्न की। यह मंदिर क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर पर विशेष रूप से शनिवार और सोमवार को पूजा-अर्चना का आयोजन होता है। पुजारी अशोक गिरी की देखरेख में यहां सभी धार्मिक गतिविधियां संचालित होती हैं। वही मंदिर का देखरेख भी करते हैं। सावन के चौथे सोमवार पर भक्तों की विशेष भीड़ देखी गई।

### बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**शंकरगढ़ फिटर के कई गांवों में 6 से 8 घंटे तक बिजली गुल**

सुलतानपुर, शंकरगढ़ फिटर से बिजली आपूर्ति पाने वाले कई गांवों में बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। ग्राम सभा सेवरा के निवासियों का कहना है कि बिजली न मिलने से वे पूरी रात सो नहीं पाए। इस समस्या से प्रभावित गांवों में लादी का पुरवा, चरथाई, खजुहा, रुपीपुर, गया दत्त का पुरवा और अन्य कई ग्राम शामिल हैं। इन सभी क्षेत्रों में 6 से 8 घंटे तक बिजली नहीं आ रही है, जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से समय पर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

# गायघाट में स्थित सरयू नदी का बढ़ा जलस्तर



अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। नेपाल के पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश से नदियों के जलस्तर में काफी वृद्धि हुई है। चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज गिरजापुरी, गोपिया बैराज, भादा नदी तथा गायघाट में स्थित पौराणिक सरयू नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ। जलस्तर बढ़ने से नदी के आसपास के लोगों में बाढ़ की आशंका है। एसडीएम प्रकाश सिंह ने बताया कि नदियों के बढ़ते हुए जलस्तर को देखते हुए प्रशासन निगरानी बनाए हुए है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव

## एसडीएम नानपारा फॉरेंसिक टीम व स्थानीय पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत धनवा राजा गांव मे 3 वर्ष पूर्व ब्याह होकर आई युवती ने बीती रात कमरे में फांसी के फंदे से झूल कर गवाई जान। परिजनों ने सुबह देखा तो हड़कंप व कोहराम मच गया। ग्रामीणों की काफी भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर मृतक युवती के मायके से पंहुचे उसके भाई अखिलेश लोधी पुत्र राजाराम निवासी ग्राम नौसर गुमटिहा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच द्वारा ससुराली जनों पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्थानीय थाना खैरीघाट में लिखित सूचना दी है। उन्होंने बताया कि ग्राम धनवा राजा में करीब 03 वर्ष पूर्व उनकी बहन पुष्पा देवी की शादी राज कुमार उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र सियाराम लोधी से हुई थी। जिसका बीती रात को कमरे में फंदे से लटका हुआ शव मिला है। सूचना उपजिलाधिकारी नानपारा एवं फील्ड



यूनिट को दी गई। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम द्वारा आवश्यक जांच पड़ताल कर साक्षी संकलन किया गया तो वहीं स्थानीय थाना खैरीघाट की पुलिस द्वारा आवश्यक जांच पड़ताल करते हुए पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष खैरीघाट ने बताया कि मृत्यु के कारणों का सही पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पीड़ित को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना दही क्षेत्र के मोहल्ला गंगूखेड़ा में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान बाबूलाल रैदास (45) के रूप में हुई है, जो फिरोजपुर कला थाना माखी का रहने वाला था और वर्तमान में मोहल्ला कल्याणी थाना दही में रह रहा था। सोमवार रात बाबूलाल नशे की हालत में मोहल्ला गंगूखेड़ा पहुंचा था। वहां शिवा लोधी के घर के सामने खड़े होकर गाली-गलौज करने लगा। इसी दौरान वह अचानक अचेत होकर गिर पड़ा। शिवा लोधी ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर बाबूलाल को जिला अस्पताल उन्नाव भिजवाया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बाबूलाल की गंभीर हालत देखते हुए मंगलवार को उसे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार को बाबूलाल की मौत हो गई। मृतक के भाई जगदीश ने आरोप लगाया है कि गंगूखेड़ा में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके भाई के साथ मारपीट की थी। उनका कहना है कि बाबूलाल को गंभीर चोटें आई थीं और इसी कारण उनकी हालत बिगड़ी और मौत हुई। थाना दही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और साक्ष्य जुटा रही है। जांच में यह भी देखा जा रहा है कि बाबूलाल की हालत केवल शराब पीने से बिगड़ी थी या किसी बाहरी चोट का भी असर था।

# करंट लगने से युवक की मौत

## नहाने के बाद बोर्ड का स्विच बंद करते समय हादसा

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , जिले के तिलोई कस्बे में एक दुखद घटना में 21 वर्षीय सोहित कुमार गौतम की करंट लगने से मौत हो गई। हरिप्रसाद गौतम के पुत्र सोहित नहाने के बाद बिजली का स्विच बंद करने गए थे जब यह हादसा हुआ। करंट लगते ही सोहित जमीन पर गिर पड़े और बेहोश हो गए। परिजन तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलोई ले गए। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मोहनगंज थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और बताया कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सोहित अपने परिवार का सबसे मेहनती और



जिम्मेदार युवक बताए जाते थे। वह अपने पिता के साथ राज मिस्त्री का काम करते थे। साथ ही इलेक्ट्रिकल कार्यों में भी रुचि रखते थे। वह अक्सर घर के छोटे-मोटे बिजली मरम्मत के काम स्वयं करते थे। इस दुखद घटना से पूरे तिलोई कस्बे में शोक की लहर है। गांव के लोग और रिश्तेदार बड़ी संख्या में मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से शोक संतप्त परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।

# दिव्यांगता की विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किये जायेंगे राज्य स्तरीय पुरस्कार

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। विश्व दिव्यांग दिवस 03 दिसम्बर 2025 के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 12 विभिन्न श्रेणियों में राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान करने की व्यवस्था की गयी है। योजनान्तर्गत दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित दिव्यांगजन, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता, प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी के लिए सेवायोजकों, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था, प्रेरणास्त्रोत, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका, सर्वश्रेष्ठ ब्रेलप्रेस, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाडियों तथा दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए अर्ह होंगे।

यह जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी ने बताया कि राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए इच्छुक व्यक्ति एवं स्वैच्छिक संस्थान अपने आवेदन पर वांछित अभिलेखों एवं प्रपत्रों के साथ विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बहराइच के कार्यालय में 03 दिवस में जमा कर सकते हैं।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 06 डग्गामार चार पहिया वाहन सीज

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। समाचार पत्रों में प्रकाशन शीर्षक रुपईडीहा में अवैध डग्गामार वाहनों का बढ़ता प्रभाव बना चिंता का विषय घट रही है रोडवेज की आय के बाद प्रशासन हरकत में आया।

पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा यातायात सुरक्षा व्यवस्था व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों व अवैध डग्गामार वाहनों के संचालक पर अंकुश लगाए जाने के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकार नानपारा प्रद्युम्न सिंह के कुशल निर्देशन व रुपईडीहा प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के कुशल नेतृत्व में स्थानीय थाना पुलिस प्रशासन एवं एआरटीओ बहराइच द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कल तो छः अदद अवैध डग्गामार चार पहिया वाहन एवं बस को धारा एमबी एक्ट में सीज किया गया है। इस प्रकार की कार्रवाई पर मां राजेश्वरी चैरिटेबल ट्रस्ट के डायरेक्टर और वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता शिवपूजन सिंह ने कहा की इन अवैध डग्गामार वाहन स्वामियों को आर्थिक नुकसान होगा तभी यह सुधरेंगे तथा सरकारी आय में बढ़ोतरी भी होगी। दैनिक यात्रियों और नेपाली रोजगार मजदूर जो बाहर कमाने जाते हैं उन्हें राहत मिल सकेगी।

# पुलिस ने 2 बाल अपचारी सहित 6 लुटेरे पकड़े

## डेढ़ लाख के नकली नोट, बाइक-स्कूटी और 4 तमंचे-कारतूस के साथ कार बरामद

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, यूपी के जिला अलीगढ़ के थाना खैर इलाके में पुलिस ने 6 लुटेरों को पकड़ लिया। इनमे दो बाल अपचारी भी शामिल हैं। पुलिस को इनके पास से भारी मात्रा में नकली नोटों के अलावा लूटी गई बाइक, स्कूटी मिली है। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त कार और तमंचा कारतूस भी मिले हैं। दो लूट की घटनाओ का भी खुलासा किया है। पुलिस सभी के खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट में पेश करेगी। सीओ खैर वरुण कुमार सिंह ने बताया कि लूटेरों को नाइल बांकनेर रोड नगर पालिका की दीवार के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में अपनी पहचान अमित पुत्र राम खिलाड़ी निवासी मार बीन वाली गली मोहल्ला नगला कलार, शिवम उर्फ शिवा पुत्र महाराज सिंह निवासी खेरेश्वर मंदिर के पास थाना रोरावर, लकी उर्फ रोमियो पुत्र नवरत्न सिंह निवासी सूत मिल चौराहा, विशाल पुत्र सतीश निवासी बाल्मिक बस्ती नगला कलार के रूप में बताई। जबकि इनके अलावा दो बाल अपचारी भी हैं। पुलिस को इनके पास से 1 लाख 45 हजार 200 के नकली नोट, एक लूटी गई बाइक और स्कूटी एक्टिवा के अलावा चार तमंचा, आठ जिन्दा कारतूस मिले हैं। घटना में प्रयुक्त एक कार भी बरामद हुई है। पूछताछ के दौरान अमित व अन्य लुटेरों ने स्वीकार किया कि प्रिंटर द्वारा नकली नोट छाप कर अपना जेब खर्च चलाते हैं। सीओ खैर वरुण कुमार सिंह ने आगे बताया कि लुटेरों को नगर पालिका की दीवार के पास से गिरफ्तार किया है। 25 जुलाई की रात्रि सोमना रोड पर एक व्यक्ति से बाइक और फोन लूटा था। जबकि शहर के कठपुला पर दूसरे व्यक्ति से फोन व स्कूटी लूटी थी। लूटे गए दोनो वाहन बरामद कर लिए गए हैं। इनमें अमित के खिलाफ एक, शिवम के खिलाफ दो और लकी उर्फ रोमियो के खिलाफ 3 मुकदमे दर्ज हैं। सभी के बारे में अन्य जानकारी जुटाई जा रही है।

# लम्भुआ जीआरपी ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

## रेलवे स्टेशन पर अवैध तंबू हटाए, यात्रियों से की पूछताछ



अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर, सुल्तानपुर के लम्भुआ रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। लम्भुआ जीआरपी चौकी प्रभारी ए एस खान के नेतृत्व में यह अभियान प्लेटफार्म नंबर दो पर चलाया गया। अभियान के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से यात्रियों से पूछताछ की गई। इस दौरान सिपाही एच एल मीणा भी मौके पर मौजूद रहे। जीआरपी टीम ने देखा कि रेलवे प्लेटफार्म पर कुछ लोग तंबू लगाकर अवैध रूप से निवास कर रहे थे। जीआरपी ने इन अवैध तंबुओं को हटवाया और प्लेटफार्म को खाली कराया। तंबू लगाने वाले लोगों को दोबारा ऐसा न करने की हिदायत भी दी गई। यह अभियान स्टेशन परिसर की सुरक्षा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया था।

# महिला के ट्रेन से कटे दोनों पैर

## बेटे की तालाब में डूबकर मौत, बारिश में डूबा घर, फिर भी नहीं मिला आवास

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , जिले के सिंहपुर ब्लॉक के ग्राम कुकहा रामपुर में प्रतिभा सिंह पिछले कई वर्षों से आवास के लिए संघर्ष कर रही हैं। प्रधान और प्रशासनिक लापरवाही के कारण उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक घर नहीं मिल सका है। जनवरी माह में प्रतिभा के दोनों पैर ट्रेन दुर्घटना में कट गए। इस हादसे के मात्र एक महीने बाद उनके 14 वर्षीय बेटे की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई। वर्तमान में उनका परिवार अत्यंत दयनीय स्थिति में जीवन यापन कर रहा है। प्रतिभा के परिवार में पति वेद प्रकाश सिंह, 8 वर्षीय बेटा और 5 वर्षीय बेटी हैं। यह परिवार कच्चे और जर्जर छप्पर के नीचे रहने को मजबूर है। बारिश के मौसम में उनके घर में पानी भर जाता है जिससे वे बेघर होने



को विवश हैं। ग्राम प्रधान अशोक पासी और उनके प्रतिनिधि ने रिपोर्ट में इस परिवार को आवास के लिए पात्र बताया था। इसके बावजूद आज तक इन्हें आवास स्वीकृत नहीं किया गया है। कई बार गुहार लगाने के बाद भी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे जरूरतमंद परिवारों को प्राथमिकता पर आवास मिलना चाहिए। लेकिन शासन की योजनाएं कागजों तक ही सीमित रह गई हैं। इस उपेक्षा से गांव में आक्रोश का माहौल है।

## संक्षेप

### साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए जागरूकता अभियान

**गाज़ियाबाद पुलिस ने बताया सुरक्षित रहने का तरीका, कैसे की जाती है ठगी**

गाजियाबाद, थाना कौशांबी क्षेत्र में नागरिकों की डिजिटल सुरक्षा को लेकर वैशाली सेक्टर-3 स्थित जैन मंदिर परिसर में साइबर क्राइम जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य आमजन को ऑनलाइन ठगी, डिजिटल फ्रॉड और साइबर अपराधों से सतर्क करना रहा। कार्यक्रम में इंदिरापुरम जोन की साइबर पुलिस टीम और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान साइबर अपराधी विभिन्न तरीकों से ठगी की घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश करते हैं, जैसे नकली वेबसाइट बनाना, फर्जी क्यूआर कोड भेजना, केवाईसी अपडेट के नाम पर फर्जी कॉल करना आदि। अधिकारियों ने बताया कि यदि कोई कॉल, मैसेज या लिंक संदिग्ध लगे तो उस पर कोई जानकारी साझा न करें और ऐसी किसी भी घटना की जानकारी तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें।

### पिता ने की मासूम बेटी की हत्या

**पत्नी से हुआ था विवाद, गुस्से में बच्ची को जमीन पर पटका, मौके पर तोड़ा दम**

मेरठ , लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के होटल वाली गली में एक पिता ने अपनी 3 महीने की मासूम बेटी की जमीन पर पटककर हत्या कर दी। पिता ने गुस्से में बच्ची को उठाया और फर्श पर दे मारा। नन्हीं सी जान इतनी चोट सह नहीं पाई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अरमान बाइक से अपने ससुराल अमरीन के घर पहुंचा था। यहां पति-पत्नी में किसी बात पर झगड़ा हुआ। इसके बाद अरमान ने बेटी को पटक दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घरवालों के अनुसार, अरमान और अमरीन की शादी 3 साल पहले हुई थी।

### किराना स्टोर से लाखों की चोरी

**दुकान की छत काटकर चोरों ने उड़ाया 2.5 लाख का सामान और 7 हजार नकद**

बागपत, खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के पाठशाला चौकी के समीप सांकरौद रोड पर एक किराना स्टोर से लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। किराना स्टोर संचालक हरेंद्र कुमार ने बताया कि रोजाना की तरह दुकान बंद कर वह अपने घर चले गए थे। जब वह दुकान पर पहुंचे तो देखा कि दुकान की छत काटकर चोरी की गई है।२ दुकान का सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। हरेंद्र के अनुसार चोरों ने 7 हजार रुपए नकद और करीब 2.5 लाख रुपए का सामान चोरी किया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस से घटना के खुलासे की मांग की है। पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक कार भी दिखाई दे रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे हर बिंदु पर गहनता से जांच कर रहे हैं और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## शिशु को स्तनपान कराएँ, डायरिया व निमोनिया से बचाएं : डॉ. मजूमदार

**विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से आयोजित हुए कार्यक्रम**

अमन लेखनी समाचार




मुरादाबाद। डायरिया के प्रति जन जागरूकता के लिए विश्व स्तनपान सप्ताह (01-07 अगस्त) के तहत बुधवार को जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से आयोजित इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में एएनएम और आशा कार्यकताओं के साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों पर आने वाली गर्भवती और धात्री महिलाएं उपस्थित रहीं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदर्श नगर में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्वजीत मजूमदार ने कहा कि स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए ही हर साल एक से सात अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। स्तनपान बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक बनने के साथ ही डायरिया और निमोनिया जैसी संक्रामक बीमारियों के जोखिम को भी दूर करता है। छह माह का होने तक बच्चे को सिर्फ मां का दूध ही पिलाना जरूरी है क्योंकि बाहर का पेय या खाद्य पदार्थ देने से संक्रमण का जोखिम बना रहता है। मां के दूध में शिशु के लिए पौष्टिक तत्वों के साथ पर्याप्त पानी भी होता है, इसलिए गर्मियों में पानी देने से भी बचना चाहिए। स्तनपान से जहाँ एक ओर शिशु और माँ में लगाव बढ़ता है वहीँ माताओं में स्तन कैंसर का जोखिम भी कम होता है। इस मौके पर डॉ. रेनू रानी ने कहा कि शिशुओं के लिए मां का दूध अमृत के समान होता है। बच्चे को जन्म के पहले घंटे में मां का पहला पीला गाढ़ा दूध बीमारियों से लड़ने की ताकत देता है। इस अहमियत को स्वास्थ्य कार्यकताओं और देखभाल करने वालों को अच्छी तरह समझना चाहिए और प्रसूता की इसमें मदद करें कि जितना जल्दी हो सके वह प्रसव के बाद बच्चे को स्तनपान कराना शुरू करें और छह माह वह बच्चे को सिर्फ और सिर्फ स्तनपान कराएँ। शहरी सामुदायिक प्रक्रिया प्रबन्धक संतोष कुमार ने सभी आशा कार्यकताओं से कहा कि समुदाय मे स्तनपान के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने पर जोर दें। इस मौके पर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से फार्मासिस्ट कौशल कुमार, स्टाफ नर्स राजकुमारी, पीएसआई इंडिया से मोहम्मद रिजवान, ममता सैनी व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।दूसरी ओर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ईएसआई टाउन हाल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजदुलारी ने महिलाओं को स्तनपान के फायदे बताये। उन्होंने कहा कि छह माह तक सिर्फ और सिर्फ मां का दूध पिलाने से बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और बच्चे का समुचित शारीरिक और मानसिक विकास होता है। उधर कच्ची बस्ती में आयोजित शहरी स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण दिवस पर भी गर्भवती और धात्री माताओं को स्तनपान के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस मौके पर एएनएम निकिता, आशा कार्यकर्ता मीनू और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुधा शर्मा ने विस्तार से स्तनपान के फायदे के बारे में बताया।

## अपार्टमेंट के नीचे पड़ा मिला युवक का शव

**वसुधा बिहार कॉलोनी के अंदर मिली बॉडी, हत्या या आत्महत्या के एंगल से जांच**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, धूमनगंज थाना क्षेत्र स्थित कालिंदीपुरम की बहु मंजिला वसुधा बिहार अपार्टमेंट में बुधवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 9:30 बजे एक बच्चा साइकिल चला रहा था, तभी उसने परिसर के अंदर शव को पड़ा देखा। इस सनसनीखेज घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर धूमनगंज थाना पुलिस पहुंची और क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के साथ ही फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई और शव के आसपास से साइंटिफिक एविडेंस इकट्ठा करने का काम शुरू कर दिया है। मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष आंकी जा रही है, हालांकि उसकी अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस मृतक की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और स्थानीय लोगों से पूछताछ में जुटी हुई है। सोसाइटी के लोगों का कहना है कि मृतक व्यक्ति यहां का निवासी नहीं है और पहले कभी सोसाइटी में नहीं देखा गया। वहीं शव की हालत और शरीर पर मौजूद गंभीर चोटों के निशान इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि व्यक्ति की हत्या कर उसे ऊपर से फेंका गया हो सकता है। यह भी आशंका जताई जा रही है कि मृतक को जानबूझकर बहुमंजिला इमारत से नीचे गिराया गया है। डीसीपी सिटी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। हत्या या आत्महत्या अथवा एक्सीडेंट के कोण से जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है। फोरेंसिक टीम की रिपोर्ट और पोस्टमॉर्टम के बाद ही मृत्यु के कारणों की सही जानकारी मिल सकेगी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तह तक जाने की कोशिश कर रही है।

## तालाब के ओवरफ्लो से गलियों में भरा पानी

**ग्रामीणों ने जलभराव में लगाई धान की पौध, अनोखे प्रदर्शन से अधिकारियों का ध्यान खींचा**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, डगरपुर गांव में तालाब ओवरफ्लो होने से गलियों और रास्तों में पानी भर गया है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव में पिछले काफी समय से तालाब का दूषित पानी ओवरफ्लो होकर गलियों, रास्तों और घरों में भरा हुआ है। ग्रामीणों को इस दूषित पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। इस समस्या के कारण गांव में बुखार जैसी बीमारियां भी बढ़ती जा रही हैं। परेशान ग्रामीणों ने अपनी समस्या का समाधान कराने के लिए एक अनोखा प्रदर्शन किया। उन्होंने गलियों में भरे पानी में धान की पौध लगाकर विरोध जताया। इस प्रदर्शन के माध्यम से उन्होंने उच्च अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया है। इस दौरान प्रदर्शन में राधे, कुणाल, अशोक, गजराज, बबलू, प्रवीन, मनीष, रोहित, महिपाल और सन्नी सहित कई ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों ने अधिकारियों से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

## मुख्यमंत्री के आगमन से पहले वकीलों का विरोध

- मानव श्रृंखला बनाकर अधिवक्ताओं ने जताया विरोध, 'हाईकोर्ट बेंच लेकर रहेंगे' के लगाए नारे

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, लंबे समय से हाईकोर्ट बेंच की मांग कर रहे वकीलों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन से पहले कमिश्नरी चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान वकीलों ने हाईकोर्ट बेंच लेकर रहेंगे के नारे लगाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेरठ पहुंच रहे हैं। वह प्रदेश की पहली इंटीग्रेटेड टाउनशिप का भूमिपूजन और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद ऊर्जा भवन में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक और कानून व्यवस्था की ऑनलाइन मंडलीय समीक्षा बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए सैकड़ों वकील कमिश्नरी चौराहे पर एकत्र हुए। उन्होंने मानव श्रृंखला बनाकर हाईकोर्ट बेंच की मांग की। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही सिविल लाइन के अभिषेक तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने वकीलों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन वकील अपनी मांग पर अड़े रहे। काफी देर बाद पुलिस ने वकीलों को घेरे में लेकर उनकी समस्याओं को सुना। उन्हें मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इसके बाद वकील शांत हुए। मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए विपक्ष भी सक्रिय हो गया है। पुलिस ने विपक्ष के कई लोगों को हाउस अरेस्ट कर लिया है।

पुलिस शहर की सभी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रही है।

## एक्सप्रेसज-वे पर पलटा मछली से भरा ट्रक

**चालक और परिचालक घायल, राहगीरों ने निकाला बाहर**

अमन लेखनी समाचार




बागपत, राजस्थान के चूरू से बंगाल जा रहा मछली से भरा एक ट्रक बागपत में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर लहचौड़ा के समीप अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक और परिचालक घायल हो गए। घायल चालक अकील पुत्र शकील कन्नौज के गुंडवा बुजुर्ग का रहने वाला है। परिचालक अय्याज पुत्र आकिल कानपुर के जजारी का निवासी है। दोनों राजस्थान से मछली लेकर बंगाल जा रहे थे। हादसा तब हुआ जब चालक ने एक वाहन को बचाने का प्रयास किया। इस दौरान ट्रक कंटेनर सहित अनियंत्रित होकर पलट गया। चालक और परिचालक केबिन में दब गए। राहगीरों की मदद से दोनों को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर जाम की स्थिति बन गई। घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। क्रेन मंगाकर ट्रक को सीधा किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रक पलटने से मौके पर भीड़ जमा हो गई। आसपास के किसानों ने रेस्क्यू किया और स्थानीय लोगों ने घायल चालक और परिचालक का उपचार कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क पर गेट खोलने को लेकर बवाल

- लाठी-डंडे और पत्थर चले, 19 गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, सूरजपुर थाना क्षेत्र के गांव खोदना खुर्द में गांव के सार्वजनिक रास्ते पर गेट लगाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट और पत्थरबाजी हुई। विवाद की शुरूआत रास्ते को लेकर कहासुनी से हुई। लेकिन थोड़ी ही देर में दोनों ओर से लाठी-डंडे निकल आए और देखते ही देखते दर्जनों लोग आमने-सामने आ गए। महिलाएं भी झगड़े में कूद पड़ीं और माहौल तनावपूर्ण हो गया। हंगामा इतना बढ़ा कि गांव में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग चोटिल हुए हैं, हालांकि किसी की हालत गंभीर नहीं बताई जा रही। सूचना पर सूरजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहले पक्ष से 9 और दूसरे पक्ष से 10 लोगों को हिरासत में लिया है। कुल 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों ओर से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। गांव में दोबारा कोई तनाव न फैले, इसके लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। साथ ही शांति समिति के सदस्यों से भी सहयोग मांगा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रास्ते को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था, लेकिन प्रशासन ने समय रहते ध्यान नहीं दिया। अब पुलिस मामले की तह तक जाकर विवाद की असल वजह और दोषियों की भूमिका की जांच में जुटी है। स्थिति इस समय नियंत्रण में है।

## कारोबार बढ़ाने का झांसा देकर 35 लाख ठगे

**यूरोप में दिखाया था कारोबार का सपना, एग्रीमेंट के तहत मांगे थे 6 हजार यूरो**

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, जर्मनी की कंपनी ने नोएडा स्थित कंपनी के मालिक को विदेश में कारोबार का सपना दिखाकर 35 लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत स्थानीय थाने की पुलिस से की पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जर्मनी के म्यूनिख स्थित कंपनी के प्रबंध निदेशक के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर फेज दो थाने में केस दर्ज हुआ है। फेज दो थानाक्षेत्र स्थित एलकॉम्पोनिक्स सेल्स प्राइवेट लिमिटेड के सीओओ नवीन चंद्र उप्रेति ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी कंपनी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का कारोबार करती है। 2020 में जर्मनी की फेमस जीएमबीएच नामक कंसल्टेंसी कंपनी के संचालक डॉक्टर डी सलदान्हा उनकी कंपनी में आए। कई दिन तक वह यहां रहे। उन्होंने कहा कि वह उनकी यूरोप की कंपनियों से पहचान कराने और कारोबार बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

विश्वास जताने के लिए उसने कुछ दस्तावेज दिखाए। नवीन चंद्र के मुताबिक डी सलदान्हा की बातों में आकर उन्होंने एक जुलाई 2020 को एक एग्रीमेंट किया। इसके एवज में डॉ. डी सलदान्हा ने उनसे छह हजार यूरो (59,7408 भारतीय रुपए) की मांग की। इन पैसों का भुगतान करने के बाद शिकायतकर्ता से 2 लाख 49 हजार रुपए और लिए गए। नवीन ने जब अपने कारोबार के बारे में पूछा। करीब आठ माह बाद आरोपी ने कंपनी को एरियल रोबोटिक जीएमबीएच नामक जर्मन कंपनी से परिचित कराया। इस कंपनी के बारे में बढ़ा चढ़ाकर बताया गया। कंपनी का मूल्यांकन करने के लिए पीवीसी संस्था को नियुक्त किया गया, जिसमें आरोपी ने अपने खुद के भेजे गए व्यक्ति थॉमस को प्रस्तावित किया। इस अवधि में आरोपी शिकायतकर्ता से 35534 यूरो (35 लाख 61 हजार 839 भारतीय रुपए) ले चुका था। आरोपी द्वारा अपने एजेंट के माध्यम से दोनों टारगेट कंपनियों के साथ हो रहे समझौते पर नजर रखी जा रही थी।

इस बारे में जब नवीन को पता चला तो उसने अक्टूबर 2021 में सभी एग्रीमेंट समाप्त कर दिए। नवीन चंद्र के मुताबिक आरोपी ने धोखाधड़ी और छल कपट करते हुए 35 लाख 61 हजार 839 रुपये हड़प लिए। पैसे वापस मांगने पर उसने जवाब देना ही बंद कर दिया। कॉल और मेल का भी कोई जवाब नहीं दिया।

## वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

**चार शातिर चोर पुलिस ने किए गिरफ्तार, सात वाहन बरामद, सामने आया लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , थाना अंकुर विहार पुलिस टीम ने वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक शातिर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गई 05 मोटरसाइकिल, 02 स्कूटी और मोटरसाइकिल के कटे हुए पार्ट्स बरामद किए गए हैं। पुलिस टीम ने इनकी गिरफ्तारी चेकिंग के दौरान संत नगर बिजली घर के पास से की। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सुल्तान (21), रहीसुद्दीन (38), अल्लाउद्दीन खान उर्फ भूरा (31) और रिंकू (38) के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे दिल्ली और यूपी के विभिन्न इलाकों में रैकी कर वाहन चोरी करते थे। चोरी के बाद वाहनों को काटकर उसके पुर्जे बेच देते थे। ये लोग बरामद मोटरसाइकिल और स्कूटी को भी काटकर बेचने की फिराक में थे, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। चारों अभियुक्तों के खिलाफ पहले से ही गाजियाबाद और दिल्ली में चोरी और अन्य धाराओं में कई मामले दर्ज हैं। सुल्तान पर ट्रॉनिका सिटी में आयुध अधिनियम, लोनी में एनडीपीएस एक्ट और अंकुर विहार में चोरी के चार मामले दर्ज हैं। अन्य तीन अभियुक्तों पर भी थाना अंकुर विहार और दिल्ली में चोरी के सात-सात मामले दर्ज हैं।

## अतिक्रमण हटाने पहुंची पालिका टीम

**व्यापारियों ने किया हंगामा, बुलडोजर से अस्थाई दुकानें हटाई गई**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर थाने के पास रुकमणी मार्केट के सामने नगर पालिका परिषद ने अतिक्रमण हटाया। इस दौरान व्यापारियों ने जमकर हंगामा किया और पालिका अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। रुकमणी मार्केट के बाहर फलों की अस्थाई दुकानें थीं। नगर पालिका परिषद ने पिछले छह माह से दुकानदारों को नोटिस भेजकर अतिक्रमण हटाने को कहा था। पालिका परिषद ने दुकानदारों को अन्य स्थान पर दुकानें आवंटित भी कर दी थीं। दो माह पहले भी अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया गया था। उस समय दुकानदारों ने खुद ही दुकानें हटाने की बात कही थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पालिका के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन ने बताया कि कई बार दुकानदारों को नोटिस के माध्यम से दुकान हटाने को कहा गया, लेकिन उन्होंने नहीं माना। उन्होंने बताया कि बुलडोजर से अस्थाई दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया है। दुकानदारों का कहना है कि वे काफी समय से अपनी दुकानें चला रहे हैं और पालिका अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। कार्रवाई के दौरान अस्थाई और स्थाई दोनों तरह के अतिक्रमण हटाए गए। अधिकारियों के अनुसार सोमवार को भी अतिक्रमण हटाने का काम जारी रहेगा।

## शिकायत पर डीएम ने किया गांवों का निरीक्षण

- गौतमबुद्ध नगर में जल निकासी समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



गौतमबुद्ध नगर, जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर मेधा रूपम ने जल निकासी की समस्या का संज्ञान लेते हुए आज फोन पर शिकायत आने पर ग्राम रन्हैरा स्थित पथवाये नाले पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धीमे चल रहे पुलिया निर्माण कार्यों पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। इससे बारिश के मौसम में गांव वालों को दिक्कत न हो। इसके अलावा, जिलाधिकारी ने जेवर तहसील अंतर्गत ग्राम मॉडलपुर जेवर का भी स्थलीय निरीक्षण किया। वहां उन्होंने ग्राम वासियों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जल निकासी की सुदृढ़ व्यवस्था नहीं है। इस कारण बरसात के मौसम में पानी जमा हो जाता है। इससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित होता है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यथाशीघ्र समस्या का समाधान कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव में जल निकासी के लिए आवश्यक निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू किए जाएं। इससे ग्रामीणों को कोई असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार, सहायक विकास अधिकारी आलोक रंजन, सिंचाई विभाग के अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएचओ की खराब स्थिति पाए जाने पर डीएम ने जताई नाराजगी, टीकाकरण में सुधार के निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**



महोबा। शासी निकाय जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जिसमें स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों एवं आगामी पल्स पोलियो कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, संस्थागत प्रसव समीक्षा, मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु समीक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, पीएमएसएम दिवसों में क्यूआर कोड के माध्यम से अल्ट्रासाउंड, टीकाकरण, परिवार कल्याण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आभा आरडी प्रगति, आयुष्मान कार्ड, संचारी रोग अभियान आदि कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी एमओआईसी को जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत संस्थागत प्रसव को बढ़ाने एवं एफआरयू की क्रियाशीलता तथा लाभार्थियों को प्रसव उपरांत 24 घंटे तक रोकने सहित गुणवत्ता पूर्ण भोजन प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि चाइल्ड रजिस्ट्रेशन अधिक से अधिक करना सुनिश्चित करें तथा चाइल्ड रजिस्ट्रेशन में एएनएम की खराब स्थिति पाये जाने पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने सीएचओ कबरई और जैतपुर को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसी आशाओं को चिन्हित किया जाए जो अन्य जनपद में जाकर गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी करवा रही है, उन आशाओं पर कार्रवाई करना सुनिश्चित की जाए। टीकाकरण में चरखारी और जैतपुर सीएचओ को खराब स्थिति पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द टीकाकरण में सुधार किया जाए। शिशु सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को समय से भोजन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक कबरई को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं में लापरवाही ना बढ़ती जाए तथा कार्य शैली में सुधार किया जाए अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक कबरई एवं जैतपुर को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों की टीकाकरण की फीडिंग 100 प्रतिशत की जाए। जिलाधिकारी ने सीएचओ को निर्देश देते हुए कहा कि महिला नसबंदी को बढ़ावा दिया जाए तथा पुरुष नसबंदी के लिए भी लोगों को प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि 70 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाये जाए और कहा कि जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को 100 प्रतिशत भुगतान किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी सी एच ओ को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाओं को एंबुलेंस के द्वारा उनके घर तक पहुंचाया जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला एवं पुरुष को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को महिला अस्पताल या जिला अस्पताल से रेफर करने से पहले टीम द्वारा पूरी जांच व सतर्कता बरती जाए, फिर मरीज को रेफर किया जाए और उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर की क्रियाशीलता की बैठक एक सप्ताह के अंदर करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला मलेरिया अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जल भराव के हॉटस्पॉट जगह को चिन्हित करके दवा का छिड़काव किया जाए तथा नालियों पर फॉगिंग कराई जाए, जिससे लोगों को बीमारियों से बचाया जा सके एवं जीरो से 5 वर्ष के बच्चो का नियमित टीकाकरण किया जाए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशाराम, सीएमएस डा पवन अग्रवाल, डॉ बीके चौहान सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यूपी पर्यटन निदेशालय ने किया मंगलगढ़ किला का स्थलीय निरीक्षण



**अमन लेखनी समाचार**

महोबा।मंगल का पर्यटक विकास के लिए पर्यटन निदेशालय द्वारा गठित टीम ने चरखारी के मंगलगढ़ किला का निरीक्षण किया।उत्तर प्रदेश पर्यटन निदेशालय के पर्यटन सालहकार एस के दुबे,टीम लीडर एसडीएम डाक्टर प्रदीप कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी चित्रगुप्त श्रीवास्तव ने मंगलगढ़ किला चरखारी का बुधवार को स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें पर्यटन निदेर्शालय के क्रम में चरखारी क्षेत्र में पर्यटन की सम्भावना , किला की वर्तमान स्थिति, किला के अभिलेखों में स्वामित्व, पर्यटन अवस्थपना से सम्बंधित, भूमि की उपलब्धता, पर्यटकों के रहने आवागमन से सम्बंधित बिंदुओं पर पर्यटन की टीम ने निरिक्षण किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार हेमकांत त्रिपाठी, नगरपालिका परिषद चरखारी कर्मचारी अयूब खान,सौरभ सक्सेना तेज प्रताप व सदर कानून गो सत्यप्रकाश राठौर सदर लेखपाल लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद रहें।

## अज्ञात चोरों ने सोलर प्लांट में लगी आधा दर्जन से अधिक प्लेटें चोरी की

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर- क्षेत्र के ग्राम भंमई में अज्ञात चोरों ने सोलर प्लांट में लगी आधा दर्जन से अधिक प्लेटें चोरी कर लीं।पीड़ित ने इस घटना की तहरीर सिसोलर पुलिस को देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र सिसोलर के ग्राम भमई निवासी सेवा निर्वत्त अध्यापक मंगल सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने प्लॉट में तीन किलो वाट का सोलर प्लांट सरकार की योजना के तहत लगवाया था जिसमें बारह सोलर प्लेट लगी हुई थी। मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने सोलर प्लांट पर धावा बोल वहां लगी ग्यारह सोलर प्लेटें खोलकर चोरी कर ले गए। सुबह इस घटना की जानकारी होने पर मंगल सिंह ने इस घटना की तहरीर सिसोलर पुलिस को देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## खंगार क्षत्रिय संस्था ने बांटे लंच पैकेट

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। राष्ट्रीय खंगार क्षत्रिय संस्था ने मुख्यालय में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों के मध्य पहुंचकर लंच पैकेट वितरित किए राष्ट्रीय खंगार क्षत्रिय संस्था के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मानसिंह खंगार के नेतृत्व में समाज के दीपक सिंह खंगार, ज्ञानसिंह, सुमित वर्मा, जयसिंह, उमेश सिंह, वीर सिंह, छोटे सिंह, शिवम सिंह, अमन सिंह खंगार, अंकित सिंह, जितेंद्र कुमार आदि ने मुख्यालय पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों को लंच पैकेट मुहैया कराये

## बजरंगबली मंदिर में सुन्दर काण्ड का आयोजन किया गया

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। कस्बे के प्राचीन बाबा कुआं के पास स्थित बजरंगबली मंदिर में वैदिक विधि विधान से सुंदरकांड का पाठ कर हवन पूजन करते हुए बजरंगबली से मनवांछित फल प्राप्त हेतु कामना की जानकारी अनुसार विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता प्रदेश महामंत्री का जन्मदिन बड़े ही उत्साह के साथ नगर के बाबा कुआं चबूतरे में बजरंगबली मंदिर के सामने सुंदर कांड का पाठ करते हुए विधि विधान से हवन पूजन किया गया

## पति की शहादत पर मुझे गर्व बेटों को भी भेजूंगी देश सेवा में





**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ सुमेरपुर। देश सेवा करते समय ड्यूटी के दौरान शहीद हुए हवलदार राजेश कुमार यादव की पत्नी रंजीता ने कहा कि मुझे पति की शहादत पर गर्व है। पति के बाद पुत्रों को भी देश सेवा के लिए भेजने की इच्छा रखती है। पति के अलावा एक भतीजा भी फौज में कार्यरत है। कुंडौरा निवासी राजेश कुमार यादव ने फौज में भर्ती होने के बाद करीब एक दशक पूर्व कानपुर में मकान बना लिया था और पत्नी बच्चों के साथ वहीं रहने लगे थे। जिस समय वह शहीद हुए पत्नी बच्चे कानपुर में ही थे। शव के लुधियाना से आने पर वह कानपुर से साथ में ही गांव आए। गॉड ऑफ ऑनर के बाद शव के घर से निकलते ही पत्नी दहाड़े मार कर रोने लगी। इससे सभी की आंखें भर आई। उसने भारत माता का जयकारा लगाते हुए कहा कि मुझे गर्व है कि मेरे पति देश सेवा करते हुए शहीद हुए हैं। पति के बाद पुत्रों को भी सेना में भर्ती करने की इच्छा रखती है।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई बैठक

**अमन लेखनी समाचार**



महोबा। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला कार्ययोजना बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जिला प्रभारी संजीव श्रंगऋषि बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने की मंच पर वरिष्ठ मार्गदर्शक, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, अभियान के जिला संयोजक तेज प्रकाश शिवहरे सहसंयोजक रोशन सिंह, संदीप तिवारी, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष विभा पुरवार, अनुसूचित मोर्चा योजना की बैठक का संचालन जिला महामंत्री अमित शर्मा द्वारा किया गया इस अवसर पर सभी 11 मंडल के मंडल अध्यक्ष जिले के पदाधिकारी एवं सभी मंडल के हर घर तिरंगा अभियान के संयोजक उपस्थित रहे

भाजपा के जिला प्रभारी संजीव श्रंगऋषि ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ता घर-घर जाकर तिरंगा बाटेंगे 7 से 8 अगस्त को प्रत्येक मंडल में मंडल कार्यशाला आयोजित होगी जिसमें हर घर तिरंगा अभियान को लेकर योजना बनाई जाएगी जिले के पदाधिकारी पहुंचकर बैठक लेंगे ऑपरेशन सिंदूर की बिजय में पूरी दुनिया को भारत की ताकत दिखाने के बाद यह स्वतंत्रता दिवस बहुत ही गर्व के साथ मनाया जाएगा 10 और 12 अगस्त को प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा जिस कार्यक्रम में युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की प्रमुख भूमिका रहेगी यात्रा 1 किलोमीटर से 2 किलोमीटर तक होगी शहीद स्मारक से शुरू होकर शहर के प्रमुख स्थलों से गुजर कर जाएगी प्रत्येक मंडल में युद्ध वीरों, शहीदों, देश की सेवा में प्राण निछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के घरों का दौरा कर उनके परिजनों को सम्मानित करेंगे 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी महत्वपूर्ण स्थान के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान के बाद पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी 14 अगस्त को विभाजन की भविष्य का स्मृति दिवस के अवसर पर सभी जिलों में मौन जुलूस संगोष्ठी एवं विभाजित से प्रभावित लोक से भेंट कर प्रदर्शनी का आयोजन होगा प्रत्येक स्तर के कार्यक्रमों की योजना बनाई गई भव्य तरीके से एक सप्ताह तक हर घर तिरंगा के तहत कार्यक्रम किए जाएंगे

## बाढ़ उतरने के बाद पंचायतों में कराई गई साफ सफाई, दवाओं का हुआ वितरण



**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। यमुना नदी की बाढ़ उतरने के बाद बीमारी फैलने की आशंका के मद्देनजर रखकर भौंरा बरुआ के ग्राम प्रधानों ने साफ सफाई का सघन अभियान चलाया है। साथ ही लोगों को बीमारी से बचाव के लिए दवाओं का वितरण कराया है यमुना नदी की बाढ़ ने ग्राम पंचायत भौंरा एवं बरुआ में काफी तबाही मचाई है। साथ ही फसलों को भारी क्षति पंहुची है। इसके साथ ही गांव में बाढ़ का पानी दोनों गांवों में घुसने से काफी नुकसान हुआ है। भौंरा के प्रधान सुरेंद्र सिंह भदौरिया, बरुआ के प्रधान के छेदीलाल निषाद ने बताया कि बाढ़ के कारण चारो तरफ गंदगी फैल गयी थी। इससे बीमारी का खतरा उत्पन्न होने की संभावना बन रही थी। इसको मद्देनजर रखकर दोनों पंचायतों में दवा का छिड़काव कराकर ग्रामीणों के मध्य दवाओं का वितरण कराया गया है।

## रामकुंड से पवित्र जल लेकर गाजे बाजे के साथ निकाली गई कांवड़ यात्रा

**अमन लेखनी समाचार**



महोबा। श्रावण मास के अंतिम सप्ताह में बुधवार को प्रभु श्रीराम के महोबा आगमन के साक्षी रहे रामकुंड तीर्थ से भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई जो शहर की गलियों से होते हुए जारीगंज के शिव पंचायत शिवालय पर संपन्न हुई। रास्ते में लोगों ने पुष्प वर्षा कर कांवड़ यात्रा का स्वागत किया एवं पानी व केले आदि वितरित कर अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। कांवड़ यात्रा में महिलाओं की सहभागिता सबसे ज्यादा रही। कांवड़ यात्रा के संचालक वीरू व संजीव सेन ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं ने रामकुंड से पवित्र जल लेकर गाजे-बाजे के साथ सुबह 10 बजे अपनी यात्रा शुरू की फिर बंधान वार्ड, शेखनपुरा, टिकरी, धलैतनपुरा, जारी गंज, सुभाष चौक और मगरियापुरा, कलारी होते हुए कांवड़ यात्रा बड़े वाले शंकर जी पर जल चढ़ाकर समाप्त हुई। भोलेनाथ के नाम एक लोटा जल, सभी समस्याओं का हल अभियान के साथ शुरू हुई कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं ने रास्ते में मिले सभी शिव मंदिरों में भी जल चढ़ाया और पूजा-अर्चना की। कांवड़ लेकर चल रही ज्यादातर महिलाएं पीली साड़ी पहने थी और अन्य श्रद्धालु भी पीले वस्त्र धारण किए थे। कांवड़ यात्रा को देखने और स्वागत करने के लिए लोग पूरे रास्ते में दोनों ओर कतार लगाकर खड़े थे। कांवड़ यात्रा रामकुंड स्थित उमंगेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी शिव किशोर पांडेय, बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी व चंद्रशेखर अनुरागी के मार्गदर्शन में निकाली गई। इस मौके पर बाबूलाल, बिल्लू, इंद्रा पुरवार, नैतिक सोनी, अंबर, जागेश्वर, उर्मिला, यशोदा, प्रेमलता, रामदेवी पाटकार समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## बाढ़ के पानी से खड़ी खरीब की फसलों को नुक्सान

**किसानों ने फसल नुकसान का सर्वे कराएं जाने की मांग जिलाधिकारी से की**

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के कंडोर गांव में बेतवा नदी के किनारे खेतो में खड़ी खरीफ फसल में ज्वार व तिल की फसल बाढ़ के पानी भर जाने से खराब हों जाने से किसानो का नुकसान हुआ है। क्षेत्र के कंडोर गांव में बेतवा नदी में बाढ़ आ जाने से नदी किनारे के खेतो में खड़ी खरीफ फसल में ज्वार ,तिल की फसल खराब हो गई है। गांव निवासी किसान विश्वनाथ सिंह, राजेंद्र सिंह,भूरा, केदार,चेता, आदि किसानों ने बताया कि नदी किनारे के खेतो में खरीफ फसल की बुवाई की गई थी। जिसमें फसलें लहलहा रही थी। बेतवा नदी में आई बाढ़ ने सभी फसलों को चौपट कर दिया है। जिससे आर्थिक नुकसान हुआ है। बाढ़ का पानी उतर जाने के बाद नुकसान दिखाई दे रहा है। किसानों ने फसल नुकसान का सर्वे कराए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है

## नम आंखों से शहीद का गांव में हुआ अंतिम संस्कार

**बड़े पुत्र ने दी मुखाग्नि**

**बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि नेता रहे मौजूद**

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। लुधियाना के नाइन एयरफोर्स स्टेशन में परेड के दौरान चार अगस्त को सुबह अटैक पड़ने से अस्पताल ले जाते समय हवलदार राजेश कुमार यादव की मौत हो गई। शव के गांव आने पर झांसी 20-1 यूनिट के लेफ्टिनेंट कर्नल प्रशांत भारद्वाज के नेतृत्व में आई सेना की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर सलामी दी। बाद में गांव किनारे बने मोक्ष धाम में राजकीय सम्मान के साथ शहीद का अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर सदर विधायक सहित सैकड़ो की तादाद में गणमान्य लोगों के अलावा ग्रामीण मौजूद रहे। कुंडौरा गांव निवासी राजेश कुमार यादव सेना में हवलदार पद पर लुधियाना में तैनात थे। गत चार अगस्त को लुधियाना के नाइन एयर फोर्स स्टेशन में सुबह 7:00 बजे परेड के दौरान वह बेहोश होकर गिर गए थे। साथी सैनिक इनको आर्मी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। यहां चेकअप के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद सैनिक सम्मान के साथ शहीद का शव लेकर गांव पहुंचे। यहां पर झांसी से आए लेफ्टिनेंट कर्नल प्रशांत भारद्वाज के नेतृत्व में आई सैनिकों की टुकड़ी ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद हाईवे किनारे स्थित मोक्ष धाम में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि बड़े बेटे हिमांशु यादव ने दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी रंजीता, पुत्र हिमांशु एवं प्रांशु तथा भाई कमल सिंह को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक जवान तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बड़े भाई दगपाल सिंह यादव के अलावा माता-पिता की मौत हो चुकी है। अंतिम संस्कार के दौरान सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति, पूर्व मंत्री बादशाह सिंह, ब्लाक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख शुभकरण सिंह परिहार, सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान, पूर्व जिला अध्यक्ष राज बहादुर पाल, संजय सिंह यादव, भाजपा नेता शिवप्रकाश सिंह सेंगर, गणेश यादव, लक्ष्मीरतन साहू, प्रधान आसाराम प्रजापति, पंकज सिंह तोमर, आशीष सचान, पूर्व प्रधान अवधेश यादव, प्रधान प्रतिनिधि अरविंद प्रताप यादव, मुन्नीलाल निषाद, नंदकिशोर शिवहरे, राजेश सविता, घनश्याम साहू आदि सैकड़ो गणमान्य लोग एवं ग्रामीण मौजूद रहे। शव यात्रा शुरू होने पर ग्रामीणों ने राजेश कुमार यादव अमर रहे, भारत माता की जय के गगन भेदी नारे लगाए।

## जन्मदिन पर गौ माता को चारा एवं गुड़ खिलाने के साथ लगाया वृक्ष




**अमन लेखनी समाचार**

महोबा। नंदिनी गौशाला में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर गौ माता को चारा एवं गुड खिलाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की एवं एक वृक्ष भी लगाया गया इस अवसर पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, हमीरपुर कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप, पेट्रोलियम अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, चरखारी मंडल अध्यक्ष अमित पटेरिया, निवर्तमान मंडल महामंत्री राजेश चौरसिया, बीजेपी नेता भरत तिवारी, पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री विनोद कुशवाहा, मंडल मीडिया प्रभारी अनुज सोनी, गल्ला व्यापारी रामकुमार गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष दया शंकर गुप्ता, अर्पित चौरसिया सहित दो दर्जन से अधिक लोग कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे

## गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**




महोबा, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे ईनामिया, पुरस्कार घोषित व वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर सत्यपाल सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 दिनेश सिंह चन्देल व का0 उमेश कुमार द्वारा गश्त व क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना हाजा पर पंजीकृत धारा 110, 115(2), 352, 351(3) बी0एन0एस0 से संबंधित वांछित अभियुक्त मूलचन्द्र पुत्र लीलाधर उम्र 35 वर्ष और लाखन पुत्र झुत्तू पाल उम्र 50 वर्ष नि0 गंज अजनर को थाना क्षेत्र के जगतपुर गडिया चौराहे वहद ग्राम गंज से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

## घरेलू कलह के चलते युवक ने फांसी लगाई

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा, हमीरपुर। क्षेत्र के ग्राम घटकना में घरेलू कलह के चलते एक युवक ने गले में फांसी का फंदा डाल आत्महत्या कर ली। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदार अपने ससुरालीजनों को दशार्या है फिलहाल कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम घटकना निवासी महेंद्र कुमार 32 वर्ष पुत्र बच्चू कुशवाहा ने घरेलू कलह के चलते मंगलवार की रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की जानकारी होते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक के शव की का निरीक्षण कर उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें जिसने अपने ससुराली जनों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। मृतक गांव व आसपास राजमिस्त्री का काम करता था इसके अलावा उसके पिता के पास 25 बीघा खेती व ट्रैक्टर भी है। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह अपने पीछे दो पुत्रों समेत परिवार को बिलखता छोड़ गया है। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**




# ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं बलिदान भी मांगती है

**मुंबई।** अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म में फरहान परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह भाटी का रोल निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में भारतीय सैनिकों की जांबाजी की झलक देखने को मिल रही है। इस टीजर को जोया अख्तर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। साथ ही उन्होंने कैप्शन दिया है- 'ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं, बलिदान भी मांगती है'। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि फिल्म इस साल 21 नवंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर में दिखाया गया है कि साल 1962 में भारत-चीन की जंग के दौरान 18 नवंबर को क्या-क्या हुआ था।

## लाइफ Style



# वामिका

## जी2 में दमदार किरदार में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इमरान हाशमी, अदिवि शेष और वामिका गब्बी फिल्म 'जी2' में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया है। पोस्टर देख कर लगता है कि यह फिल्म एक्शन और सस्पेंस से भरपूर जासूसी थ्रिलर फिल्म होने वाली है।

जारी किए गए पोस्टर में देखा जा सकता है कि इमरान हाशमी और आदिवी शेष गुस्से में नजर आ रहे हैं। एक दूसरे पोस्टर में अदिवि शेष और वामिका गब्बी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। तीसरे पोस्टर में अदिवि शेष एक्शन मोड में शीशा तोड़ते हुए और बंदूक चलाते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए अदिवि शेष ने कहा जी2 एक ऐसा सफर रहा है जिसे हमने वर्षों से जिया और महसूस किया है। निर्देशक विनय कुमार सिरिगिनीदी के साथ, हमने बड़े सपने देखने की हिम्मत की है। इस कहानी को वैश्विक स्तर पर ले जाते हुए इसकी असलियत को बनाए रखा है। इमरान और वामिका वाकई दमदार किरदार में नजर आएंगे। उनके अभिनय ने इस फिल्म के पैमाने को एक पायदान ऊपर उठा दिया है। अब यह हमारे लिए सिर्फ एक फिल्म से कहीं बढ़कर बन गई है। फिल्म जी2 साल 2018 में रिलीज हुई गुडाचारी से संबंधित है। यह हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म जी2 फिल्म में बनिता संधू, मुरली शर्मा, सुप्रिया यारलागद्दा और मधु शालिनी जैसे दमदार कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अदिवि शेष एजेंट गोपी के रूप में वापसी कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# द ग्लोरी का ट्विस्ट हिला देगा दिमाग

**नई दिल्ली।** 3 साल पहले नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई द ग्लोरी कोरियन थ्रिलिंग वेब सीरीज अगर आप एक बार देख लेंगे, तो बार-बार इसे देखने का मन करेगा। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसे देखकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे, लेकिन दिल को सुकून भी मिलेगा। तो अगर आप भी बिंज वॉच करना पसंद करते हैं, तो 16 एपिसोड की नेटफ्लिक्स की ये ट्रेंडिंग वेब सीरीज देख सकते हैं। द ग्लोरी नेटफ्लिक्स की एक साउथ कोरियन वेब सीरीज है, इस वेब सीरीज में स्कूल में बुरी तरह से बुलिंग का शिकार हुई लड़की की कहानी को बताया गया है।




# द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म का आजकल लोगों को बहुत ज्यादा क्रेज है। अब सबसे ज्यादा डरा देने वाली हॉरर फिल्म नए पार्ट के साथ वापस आ गई है। एक बार फिर भूत वापस लौट रहे हैं और उसे देखकर जो हालत खराब होने वाली है उसका अंदाजा ट्रेलर से ही लगाया जा सकता है। द कॉन्ज्यूरिंग सीरीज का आखिरी पार्ट आने वाला है। इस सीरीज के अब तक चार पार्ट आ चुके हैं और सभी हिट रहे हैं। अब द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स के ट्रेलर की बात करें तो इसकी शुरुआत आम लोगों से होती है। जासूसों के इंटरव्यू होते हैं। जिसमें दिखाया गया है कि शैतान पेंसिलवेनिया वहां पहुंच गया है और बुरी शक्तियां उसमें घुस गई हैं और उसे ही अपना घर बना लिया है।



# तलाक के बाद मृणाल को कर रहे डेट

**मुंबई।** एक्टर धनुष का पत्नी ऐश्वर्या रजनीकांत से अप्रैल 2024 में तलाक हो गया था। हालांकि, कुछ महीने पहले दोनों बड़े बेटे यत्र के स्कूल की ग्रेजुएशन सेरिमनी में साथ दिखे थे। धनुष और ऐश्वर्या अपनी-अपनी जिंदगी में बिजी हैं, पर बच्चों के लिए साथ आ जाते हैं। इसी बीच खबरें हैं कि धनुष एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई इवेंट्स में साथ में स्पॉट किया गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें शुरू हो गईं। एक्टर धनुष हाल ही मृणाल ठाकुर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे, और अब उस पार्टी का अंदर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धनुष ने मृणाल ठाकुर का हाथ पकड़ा हुआ है और बात कर रहे हैं। इसी वीडियो को देख फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।



# छह किताबों पर बनेंगी वेब सीरीज व फिल्में

**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश लेखक जेफ्री आर्चर की कहानियां अब भारतीय सिनेमा के परदे पर जीवंत होने वाली हैं। भारत की प्रमुख कंटेंट निर्माण कंपनी अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने आर्चर की छह मशहूर किताबों के स्क्रीन एडप्टेशन के अधिकार हासिल किए हैं। इस साझेदारी को भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, क्योंकि यह पहली बार है जब इस तरह किसी विदेशी लेखक की किताबों के राइट्स लिए गए हैं। इस तरह भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में अब स्तरीय विदेशी कॉन्टेंट की दस्तक को शानदार माना जा रहा है। इस डील में जेफ्री आर्चर की छह किताबें द क्लिफ्टन क्रॉनिकल्स, फोर्थ एस्टेट, फर्स्ट अमंग इक्वल्स, द इलेवन्थ कमांडमेंट, सन्स ऑफ फॉर्च्यून और हेड्स यू विन शामिल हैं।

## टीवी मसाला



# विवियन डीसेना का एकता कपूर के शो से होगी वापसी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर एक बार फिर से छोटे पर्दे पर धमाका करने की तैयारी में हैं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी का दूसरा सीजन लाने के बाद वह नागिन 7 के कारण सुर्खियां बटोर रही थीं। दर्शक उसके आने का इंतजार ही कर रहे थे कि प्रोड्यूसर ने विवियन डीसेना के साथ एक प्रोजेक्ट करने का हिंट देकर दर्शकों को कन्फ्यूज कर दिया है। वह एक्टर के कमबैक से खुश भी हैं, लेकिन किस शो में वह आएंगे, ये सोचकर दिमाग की नसों पर जोर भी दे रहे हैं। दरअसल, पहले कुछ हफ्तों तक खबर थी कि विवियन डीसेना नागिन 7 में दिखाई दे सकते हैं। अब एकता कपूर के लेटेस्ट वीडियो से शक यकीन में बदलता दिख रहा है। इसमें दोनों सांप-चमगादड़ जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर दर्शकों को गुमराह कर रहे हैं। वीडियो में, एकता विवियन से पूछती हैं, 'हम क्या कर रहे हैं? क्या हम सांपों के साथ कुछ कर रहे हैं?' तो विवियन कहते हैं, नहीं। बाद में, एकता कहती हैं, शायद चमगादड़ों के साथ कुछ। तो एक्टर जवाब देते हैं, काफी करीब। विवियन डीसेना आखिरी बार बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। वह रनर-अप रहे थे, जबकि करण वीर मेहरा ने ट्रॉफी जीती थी। एक्टर को लीड रोल में आखिरी फिक्शनल शो सिर्फ तुम में देखा गया था, जो 2022 में ऑफ-एयर हुआ था। ऐसे में 3 साल बाद उन्हें पर्दे पर देखना उनके चाहनेवालों के लिए बड़ा सरप्राइज है।

## कपिल के शो में शिल्पा ने उड़ाया छोटी बहन का मजाक

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे पूरा भारत 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाने की तैयारी कर रहा है, द ग्रेट इंडियन कपिल शो बॉलीवुड की दो सबसे प्यारी बहनों शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी के साथ बाई-बहन हुमा कुरैशी और साकिब



सलीम को एक साथ ला रहा है। सोशल मीडिया पर लीक हुए इस एपिसोड का एक प्रोमो हंसी-मजाक और भाई-बहनों की ढेर सारी नोक-झोंक का वादा करता है, जिसमें मेहमान एक-दूसरे को मजाकिया अंदाज में चिढ़ाते हैं। प्रोमो वीडियो में, शिल्पा शेट्टी कपिल शर्मा के वजन घटाने का मजाक उड़ाती हैं, जिस पर कपिल शर्मा मजाक करते हुए कहते हैं कि उन्होंने यह उनसे ही सीखा होगा। वो मजाक में कहते हैं कि उनका वजन हर साल कम होता जा रहा है। जब कपिल पूछते हैं कि क्या शमिता अपनी बहन से हर बात शेयर करती हैं, तो शिल्पा जवाब देती हैं, वो मुझसे सिर्फ बॉयफ्रेंड वाली बातें छिपाती हैं। शमिता तुरंत जवाब देती हैं कि वो अब कुछ नहीं छिपातीं, और शिल्पा कहती हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वो अब सिंगल हैं।

# ये हॉरर फिल्म अकेले देख ली तो कांप उठेगा कलेजा

**नई दिल्ली।** अगर आप हॉरर फिल्मों के शौकीन हैं तो आपको 18 साल पुरानी यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। यह फिल्म आपको डर की दुनिया ऐसी सैर कराएगी कि आपको हॉरर फिल्मों की दुनिया का नया एक्सपीरियंस मिलेगा। यह फिल्म इतनी डरावनी है कि आप अपने आजू-बाजू देखने से भी डरने लगेंगे। इस फिल्म की हॉररनेस का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं, इसकी कहानी कुछ ऐसी है कि इसमें 30 दिनों तक सूरज नहीं निकलता है और लोग पूरे एक महीने अंधेरे और डर के साए में अपनी जिंदगी की भीख मांग रहे होते हैं। इस फिल्म में रात के इस लंबे अंधेरे में कुछ ऐसे शैतान उतर आते हैं, जिन्हें आदमखोर कहें तो गलत नहीं होगा।



### क्या है फिल्म की कहानी?

वहीं, वैंपायर्स के सरदार का रोल डैनी हस्टन ने किया है, जिसकी एक्टिंग देखने के बाद किसी का भी पसीना छूट जाएगा। फिल्म का हर किरदार दर्शकों को डराने का काम करता है। फिल्म की कहानी पर नजर डाले तो यह अलास्का के बैरो नाम शहर की है, जो पूरी तरह बर्फ से ढका है। जैसे ही इस शहर पर रात का अंधेरा छाता है, वैंपायर्स एक्टिव हो जाते हैं और तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। इस शहर का अन्य शहर से संपर्क टूट जाता है और यहां बसे लोग एक-एक कर अपनी जान गंवा देते हैं।

**कौन सी डरावनी फिल्म है ये?** : इस फिल्म की कहानी रात होने के बाद शुरू होती है और 30 दिन सवेरा होने के बाद खत्म। इसलिए इस फिल्म का नाम, '30 डेज ऑफ डार्क नाइट' है। फिल्म के नाम से पता चलता है कि इसकी कहानी रात के काले अंधेरे पर बेस्ड है, जहां सूरज का तीस दिनों तक कोई अता-पता नहीं है। फिल्म कहानी में एक शेरिफ और उसकी पत्नी है, जो इन पिशाचों से मुकाबला करते हैं, जो रात के योद्धा हैं। पिशाचों के खिलाफ इस लड़ाई में इस महिला का पति अपनी जान गंवा बैठता है। फिल्म में जोश हार्टनेट और मेलिसा जॉर्ज ने पति-पत्नी का रोल प्ले किया है।

# 3 साल तक सिनेमाघरों में छाई रही ये फिल्म 80 साल बाद शोले ने तोड़ा था रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जुबली स्टार की बात करें, तो जो नाम जुबान पर सबसे पहले आता है, वो नाम है राजेंद्र कुमार का। उनकी फिल्मों के लिए कहा जाता था कि वो जो भी करते थे, वो सिल्वर जुबली जरूर मनाती थी। सिर्फ हीरो ही नहीं, हिंदी फिल्म के इतिहास में एक एक्ट्रेस भी ऐसी रही हैं, जो जुबली गर्ल के नाम से जानी गईं। उनकी फिल्मों ने जो इतिहास रचा उसे बॉक्स ऑफिस पर तोड़ने में बॉलीवुड को पूरे अस्सी साल तक इंतजार करना पड़ा। इस एक्ट्रेस का नाम था मुमताज शांति, जिन्होंने अपने फिल्मी कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया।



***देश की पहली जुबली गर्ल :*** ये बात बंटवारे के दौर से भी पहले की है, जब हिंदी फिल्मों में एक एक्ट्रेस हुआ करती थीं मुमताज शांति। उन्हें जुबली गर्ल का नाम दिया गया था। बात चालीस के दशक के आसपास की होगी, जब मुमताज शांति की खूबसूरती और एक्टिंग का कोई मुकाबला नहीं था। मुमताज शांति ने पंजाबी फिल्मों से इंडस्ट्री में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म थी सोहनी कुमारन। उनकी दूसरी पंजाबी फिल्म थी मंगती, जो 1942 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने डायमंड जुबली मनाई थी। इसके बाद मुमताज शांति का नाम पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार के तौर पर लिया जाने लगा था। पंजाबी फिल्मों में नाम कमाने के बाद मुमताज शांति ने हिंदी फिल्मों का रुख किया।

### पहली हिंदी फिल्म बसंत रही जुबली हिट

मुमताज शांति की पहली हिंदी फिल्म थी बसंत. ये फिल्म भी जुबली हिट रही थी। इस फिल्म में मधुबाला भी नजर आईं थीं। ये फिल्म करीब 76 हफ्ते तक थियेटर्स में रही थी। साल 1943 में वो अशोक कुमार के साथ किस्मत फिल्म में नजर आईं। इस फिल्म को देश की पहली ब्लॉकबस्टर मूवी माना जाता है, जिसने उस दौर में एक लाख के बजट में एक करोड़ की कमाई की थी। ये फिल्म लगातार तीन साल सिनेमा हॉल में लगी रही। 80 साल बाद ये रिकॉर्ड फिल्म शोले ने तोड़ा था।

## रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का लगने वाला है मजेदार मजमा

# इस हफ्ते ओटीटी पर ये नई वेब सीरीज और फिल्में होंगी रिलीज

*नई दिल्ली। नया हफ्ता, नई उम्मीदें, नया रोमांच। सिनेमाघरों में इस शुक्रवार, 8 अगस्त को अंदाज 2 रिलीज हो रही हैं। फिल्म को लेकर बहुत ज्यादा बज नहीं है। लेकिन ओटीटी के पिटारे में इस हफ्ते एक के बाद एक ऐसी नई सीरीज और फिल्में हैं, जो आपके वीकेंड का मजा कई गुना बढ़ा सकती हैं। अगले सात दिनों में ओटीटी पर रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का मजेदार मजमा लगने वाला है। मौनी रॉय और नवीन कस्तूरिया की जासूसी वेब सीरीज सलाकार जहां अतीत से वर्तमान तक, राष्ट्रीय सुरक्षा के रोमांच को बढ़ाने वाली हैं, वहीं नेटफ्लिक्स की रिकॉर्ड तोड़ सीरीज 'वेडनेसडे' के सीजन 2 का पार्ट 1 भी रिलीज होने वाला है। 'मिकी 17' में जहां रॉबर्ट पैटिसन दिल लूटने आ रहे हैं, वहीं मायासभा, मामन और अरबिया कदली जैसी साउथ की फिल्में और सीरीज भी आ रही हैं।*

**सलाकार** : सलाकार वेब सीरीज की कहानी साल 1978 और साल 2025 के दो टाइमलाइन में चलती है। यह एक जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एस्पिरेंट्स फेम नीन कस्तूरिया ने अधीर का किरदार निभाया है। वह एक सीक्रेट एजेंट है, जिसने शीत युद्ध के दौरान पाकिस्तान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को असफल बनाने में देश की मदद की थी। अधीर अब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर है। देश की सुरक्षा पर फिर से खतरा मंडरा रहा है। राजनीति में तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में अधीर को अपने अतीत के अनसुलझे खतरों का भी सामना करना होगा। इस सीरीज में मौनी रॉय, मुकेश ऋषि, अश्वथ भट्ट, पूर्णेंदु भट्टाचार्य और सूर्या शर्मा भी हैं। सलाकार वेब सीरीज ओटीटी पर शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

**मायासभा** : मायासभा मूल रूप से तेलुगू में बनी पॉलिटिकल-ड्रामा सीरीज है। कहानी 1990 के दशक के आंध्र प्रदेश की अशांत राजनीति की है। यह कॉलेज के



दो आदर्शवादी दोस्तों, ककरला कृष्णमा नायडू (आधि पिनिसेट्टी) और एमएस रामी रेड्डी (चैतन्य राव) की कहानी कहती है। दोनों राजनीति को बदलने का साझा सपना देखते हैं। लेकिन, इस राह में महत्वाकांक्षा की लड़ाई, विश्वासघात और विचारधाराओं का टकराव है। जैसे-जैसे वे आगे बढ़ते हैं, राजनीतिक दिग्गज बनते हैं, उनकी दोस्ती सत्ता संघर्ष, गुपचुप समझौतों और एक भयंकर प्रतिद्वंद्विता में बदल जाती है। उनकी दुनिया में तब और उथल-पुथल मच जाती है, जब कहानी में एक करिश्माई फिल्म स्टार की एंट्री होती है। वह अब राजनेता बन जाता है। इस सीरीज में दिव्या दत्ता, साई कुमार, नासर, रवींद्र विजय, श्रीकांत अयंगर, शत्रु और तान्या रविचंद्रन भी हैं। 'मायासभा' वेब सीरीज ओटीटी पर गुरुवार, 7 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**अरबिया कदली** : अरबिया कदली एक तेलुगू सर्वाइवल ड्रामा वेब सीरीज है। यह समंदर किनारे बसने वाले दो गांव और उनके गांव वालों की कहानी है। ये गांव मछुआरों का है। दोनों गांव में हमेशा से एक-दूसरे को लेकर जबरदस्त कंपीटिशन रहा है। मछुआरों के एक ग्रुप गलती से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में पहुंच जाता है। उन्हें एक विदेशी जमीन पर कैद कर लिया जाता है। बद्री और उसके साथी मछुआरे खतरनाक समुद्र, कैद और अन्याय से जूझते हैं। इधर, इस कहानी के साथ ही एक और कहानी चलती है, जहां गंगा (आनंदी) साहस और दृढ़ विश्वास के साथ सिस्टम को चुनौती देती है। वह शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ मिसाल बनकर उभरती है। सीरीज में सत्य देव और आनंदी लीड रोल में हैं। जबकि साथ में नासर, रघु बाबू, दलीप ताहिल, पूनम बाजवा और हर्ष रोशन भी हैं। अरबिया कदली वेब सीरीज शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होगी।

**मामन** : मामन एक तमिल फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह मई के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कहानी त्रिची में रहने वाले मामन इनबा (सूरी) के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में चाचा-भतीजा हैं। मामन को अपनी बहन गिरिजा के बेटे लड्डू से बहुत प्यार है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब लड्डू की शादी डॉक्टर रेखा (ऐश्वर्या लक्ष्मी) से होती है। यह दिल को छू लेने वाली कहानी जल्द ही तनाव और पारिवारिक संघर्ष में बदल जाती है, क्योंकि लड्डू का बेमेल प्यार इनबा और रेखा के रिश्ते में दरार डाल देता है।